


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 249

ग्वालियर, रविवार 29 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## द्वारकाधीश की शरण में पहुंचे अमित शाह, पत्नी के साथ पूजा-अर्चना की

**देवभूमि द्वारका।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारी मंत्री अमित शाह गुजरात दौरे पर हैं शनिवार को अमित शाह ने अपनी धर्मपत्नी के साथ भगवान द्वारकाधीश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की आज सुबह



जामनगर एयरपोर्ट पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीधे भगवान द्वारकाधीश मंदिर के रवाना हो गए द्वारकाधीश मंदिर में अमित शाह ने सपत्नीक भगवान की पूजा-अर्चना की भगवान द्वारकाधीश के दर्शन के बाद अमित शाह ने नेशनल कोस्टल पुलिस एकेडमी (एनएसीपी) का दौरा किया और तालीमार्थियों के साथ चर्चा की बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी आज गुजरात में हैं राजकोट के आटकोट में मल्टीस्पेशियालिटी अस्पताल का लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी के साथ अमित शाह आज ही गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित सहकार सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी शनिवार को दिल्ली के रवाना हो जाएंगे जबकि अमित शाह रविवार को भी गुजरात में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे रविवार को अमित शाह अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होनेवाले आईपीएल का फाइनल मैच देखेंगे।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिये होलिस्टिक हेल्थ एप्रोच आवश्यक: राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

**भोपाल।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि वर्ष 2017 में घोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का प्रमुख लक्ष्य है देश में सभी व्यक्तियों के लिये गुणवत्तापूर्ण, किफायती खर्च पर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना। अच्छे स्वास्थ्य के लिये ÷होलिस्टिक हेल्थ एप्रोच÷ अर्थात सभी चिकित्सा प्रणालियों के समन्वय से चिकित्सा आवश्यक है। इस क्षेत्र में पिछले दो दशकों में आरोग्य भारती ने सुविचारित एवं सुसंगठित रूप से सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा जामनगर गुजरात में सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिशनल सिस्टम का शिलान्यास किया गया है, जहाँ 170 देशों की चिकित्सा पद्धतियों पर अध्ययन एवं शोध किया जाएगा।




राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में ÷वन नेशन-वन हेल्थ सिस्टम इस द नीड ऑफ द ऑवर÷ विषय पर आरोग्य भारती द्वारा आयोजित एक दिवसीय आरोग्य मंथन में शामिल हुए। उन्होंने आरोग्य भारती द्वारा प्रकाशित पत्रिका ÷आरोग्य सम्पदा सर्वसमावेशी स्वास्थ्य÷ का विमोचन किया।

राष्ट्रपति श्री कोविंद ने कहा कि पिछले दो-ढाई वर्ष में दुनिया भयानक महामारी के दौर से गुजरी है। यदि वैज्ञानिक और चिकित्सक न होते तो क्या हालत होती। वैक्सीन से पूरी दुनिया की मानवता का बड़ा प्रतिशत बच गया। वैक्सीन प्रदाय के लिये पूरी दुनिया में भारत एवं हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा हो रही है। जब वे जमेका एवं सेंट विंसेंट देशों की यात्रा पर गये तो उन्हें बताया गया कि यदि भारत उन्हें वैक्सीन नहीं देता तो उनकी आधी आबादी समाप्त हो जाती। श्री कोविंद ने मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण के संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यों का भी उल्लेख किया। राष्ट्रपति श्री कोविंद ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में एक देश-एक स्वास्थ्य तंत्र की व्यवस्था रही है। महर्षि पतंजलि ने तत्कालीन चिकित्सा पद्धतियों का अध्ययन कर योग एवं स्वास्थ्य पर पुस्तकें लिखीं। चरक और सुश्रुत संहिताएँ भी इसके प्रमाण हैं। प्राचीन चिकित्सा पद्धति अत्यंत उपयोगी है। राष्ट्रपति श्री कोविंद ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग की महत्ता सिद्ध हो गई है। अच्छे स्वास्थ्य के लिये यह अत्यंत उपयोगी है। योग सभी के लिये कल्याणकारी है। इसे मजहब या धर्म से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्रपति श्री कोविंद ने कहा कि प्रकृति के अनुरूप सादगीपूर्ण जीवन-शैली एवं अच्छे विचार स्वास्थ्य का आधार है। आचार-विचार की सरलता, समुचित आहार-विहार एवं शारीरिक श्रम अच्छा स्वास्थ्य देते हैं। प्रकृति के अनुरूप सरल जीवन-शैली अपनायें। उन्होंने गीता के एक श्लोक का उद्धरण देते हुए अपने संबोधन को पूर्ण किया।

**युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।**

**युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।**

अर्थात-दुःखों का नाश करने वाला योग तो यथायोग्य आहार-विहार करने वाले का, कर्मों में यथायोग्य चेष्टा करने वाले का और यथायोग्य सोने तथा जागने वाले का ही सिद्ध होता है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि समान रूप से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता जरूरी है। कोविड-19 की त्रासदी के अनुभव ने यह सिद्ध किया है कि चिकित्सा की कोई भी प्रणाली सभी स्वास्थ्य चिंताओं को अकेले दूर नहीं कर सकती है।

## कांग्रेस नेता संदीप तंवर आम आदमी पार्टी में शामिल

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, महिला सुरक्षा, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मुफ्त वाईफाई समेत तमाम क्षेत्रों में किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यों से




प्रभावित होकर लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में 'आप' राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज कांग्रेस नेता संदीप तंवर समेत अन्य सैंकड़ों साथियों का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया। 'आप' एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने टोपी और पटका पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल मॉडल और आम आदमी पार्टी की काम की राजनीति से प्रभावित होकर न सिर्फ दिल्ली से बल्कि पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों और अलग-अलग पार्टियों से लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज कांग्रेस नेता संदीप तंवर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उनके साथ-साथ सैंकड़ों साथियों ने आज आम आदमी पार्टी का दामन थामा है। मैं सभी का आम आदमी पार्टी में हार्दिक स्वागत करता हूं। संदीप तंवर ओबीसी विभाग अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के राष्ट्रीय प्रभारी हैं। वह फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 2008-2015 एवं 2015-2020 में वह दिल्ली छावनी विधानसभा के पार्षद रह चुके हैं। 2015 एवं 2020 में दिल्ली छावनी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रहे हैं। युवा कांग्रेस कमेटी दिल्ली छावनी के ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके हैं।



## शंघाई में लॉकडाउन के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, कहा जल्द पाबंदियां खत्म करे सरकार

**शंघाई।** चीन के प्रमुख कारोबारी शहर शंघाई में कोरोना संक्रमण को लेकर कड़ी पाबंदियां लगाई गई हैं। ढाई करोड़ की आबादी वाले शंघाई में पिछले 7 सप्ताह से लॉकडाउन लगा हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां कोविड केसों में थोड़ी कमी आई है, लेकिन पाबंदियों को लेकर कोई भी राहत नहीं दी गई है। इसके चलते गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उनका कहना था कि लॉकडाउन हटाया जाए। पाबंदियों में ढील दी जाए। ये जानकारी शहर के कई इलाकों के वॉट्सएप ग्रुप्स पर फैल गई। एजेंसी के मुताबिक शंघाई में अभी भी 21 मिलियन आबादी कड़े प्रतिबंधों के बीच रह रही है, लेकिन स्थानीय समितियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह लोगों को बाहर निकलने की अनुमति देते हैं या नहीं। लिहाजा घर से बाहर सिर्फ वही लोग निकल सकेंगे, जिनके पास विशेष कार्ड होगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कोविड के केस अब लगातार कम होते जा रहे हैं। अब सरकार को लॉकडाउन खत्म करने के लेकर भी विचार करना चाहिए।

## आर्यन खान केस की घटिया जांच करने वाले समीर वानखेड़े पर लगे हैं ये 4 आरोप

**मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुंबई क्षेत्र के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े की आलोचना हो रही है क्योंकि केंद्रीय एजेंसी की विशेष जांच टीम ने शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को ड्रग्स के मामले में क्लीन चिट दे दी है। खान ने इसके 20 दिन जेल में बिताए थे। सरकार ने समीर वानखेड़े के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है, जिन्होंने आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। एनसीबी ने आरोप पत्र में आर्यन खान का नाम शामिल नहीं किया था। साथ ही वानखेड़े द्वारा जांच के दौरान कोई मेडिकल परीक्षण और वीडियोग्राफी नहीं की गई थी। आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े का एनसीबी में कार्यकाल 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त हो गया था। इनका विवादों से पुराना नाता रहा है। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने वानखेड़े के निजी और पेशेवर जीवन के बारे में कई विस्फोटक दावे किए थे। जाली एससी प्रमाणपत्र नवाब मलिक ने आरोप लगाया कि समीर वानखेड़े ने जाली जाति प्रमाण पत्र जमा किया था और एक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पद प्राप्त किया था। मलिक ने आरोप लगाया गया कि वानखेड़े ने न केवल जाति प्रमाण पत्र को नकली बनाया बल्कि अपने धर्म को भी नकली बना दिया। समीर वानखेड़े की शबाना कुरैशी के साथ पहली शादी की तस्वीर को सार्वजनिक करते हुए महाराष्ट्र के मंत्री ने दावा किया कि समीर वानखेड़े एक मुस्लिम हैं। उनके पिता का



वास्तविक नाम ज्ञानदेव दाऊद वानखेड़े है। ऐसा दावा किया गया था। नवाब मलिक ने यह आरोप लगाया कि वानखेड़े नवी मुंबई में एक बार के मालिक हैं और उन्होंने केवल 17 साल की उम्र में बार का लाइसेंस प्राप्त किया था। समीर वानखेड़े पर रंगदारी वसूलने के लिए फर्जी गवाहों की व्यवस्था कर फर्जी छापेमारी करने का आरोप लगा था। ऐसा ही आरोप आर्यन खान मामले में भी सामने आया था। समीर वानखेड़े ने एनसीबी में अपने कार्यकाल के विस्तार की मांग नहीं की और राजस्व खुफिया निदेशालय में वापस चले गए जहां वह मूल रूप से तैनात थे। एनसीबी द्वारा आर्यन खान को क्लीन चिट देने के बाद वानखेड़े ने कहा कि वह इस मुद्दे पर टिप्पणी नहीं करेंगे क्योंकि वह अब एनसीबी का हिस्सा नहीं हैं।

## खास खबर

### चीन में वर्षा ने मचाई तबाही, 15 लोगों की मौत और तीन लापता

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन में मूसलाधार बारिश के चलते हुए हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य लापता हो गए हैं। फूजियान प्रांत में भूस्खल से दो इमारतें धराशाही हो गई हैं, इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है। युन्नान प्रांत में पांच अन्य लोगों की मौत हो गई है और तीन लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुआंगशी क्षेत्र में शिन्चेंग काउंटी में शुक्रवार को बाढ़ के पानी के साथ तीन बच्चे बह गए, जिनमें से दो की मौत हो गई और एक को बचा लिया गया। चक्रवात से युन्नान प्रांत की क्यूबेई काउंटी में सड़कें, पुल, दूरसंचार व बिजली संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गए हैं। यह स्थान वियतनाम सीमा से 130 किलोमीटर दूर है। यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है। लोगों को आने-जानें में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से मदद मुहैया कराई जा रही है। फुजियान में एक फैक्टरी के मलबे से पांच शव और एक रिहायशी इमारत के मलबे से तीन शव बरामद किए गए हैं।

### पड़ोसी के घर में सिलेंडर फटने से दीवार गिरी, 4 लोगों की मौत, दो घायल

**अनंतपुर।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार को बड़ी दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है। शनिवार सुबह जिले के मुलकेडु गांव में पड़ोसी के घर में सिलेंडर फटने से हुए जोरदार धमाके में एक घर की दीवार गिर गई और इसकी चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं इस ब्लास्ट से आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। इस घटना में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मृतकों की पहचान 60 वर्षीय जैनबी, 36 वर्षीय दादू, 28 वर्षीय शरफुन्नी के रूप में हुई है। साथ ही तीन वर्षीय मासूम की भी मौत हो गई है। सभी शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस घटना से आसपास इलाके में सन्नाटा पसर गया है। सुबह-सुबह इस दर्दनाक घटना के घटने से हर कोई सदमे में है।

### बारामूला मुठभेड़ में शहीद पुलिसकर्मी के परिजनों से मिले जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बारामूला जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए पुलिसकर्मी मुदस्सिर शेख के आवास का शनिवार को दौरा किया। सिन्हा के साथ पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उपराज्यपाल ने उत्तरी कश्मीर जिले के उरी में शेख के परिजनों से मुलाकात की। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने शहीद हुए पुलिसकर्मी के परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत की और संवेदना व्यक्त की। बारामूला के क्रीरी इलाके में 25 मई को नजीभात चौराहे पर हुई।

### नफरत फैलाने वाले देश के दुश्मन और गद्दार : मौलाना महमूद मदनी

**देवबंद।** देश के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने देश में नफरत फैलाने वालों को देश का दुश्मन और गद्दार बताया साथ ही नफरत को मोहब्बत से ख़त्म करने का लोगों को पैगाम दिया। मदनी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की प्रबंधक समिति के अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

## मातृभूमि की सेवा में नहीं छोड़ी कसर इन 8 सालों में नहीं झुकने दिया सिर: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट के एटकोट में नवनिर्मित मातुश्री के.डी.पी. मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा, ÷मुझे खुशी है कि आज यहां मातुश्री मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ हुआ। ये अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगा। जब सरकार के प्रयास में जनता का प्रयास जुड़ जाता है तो सेवा करने की हमारी शक्ति भी बढ़ जाती है, राजकोट में बना ये अस्पताल इसका बड़ा उदाहरण है। गुजरात की धरती पर आया हूं तो मैं सिर झुकाकर गुजरात के सभी नागरिकों का आदर करना चाहता हूं। आपने मुझे जो संस्कार और शिक्षा दी, समाज के लिए जीने की बातें सिखाई, उसकी की बदौलत मैंने मातृभूमि की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास इस मंत्र पर चल कर हमने देश के विकास को एक नई गति दी है। इन 8 सालों में हमने पूज्य बापू और सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने के लिए ईमानदार प्रयास किए हैं।÷ मोदी ने कहा, ÷गरीबों की



सरकार होती है तो कैसे उसकी सेवा करती है, उन्हें सशक्त करने के लिए काम करती है, ये आज पूरा देश देख रहा है।100 साल के सबसे बड़े संकट काल में भी देश ने ये लगातार अनुभव किया है। महामारी शुरु हुई तो गरीब के सामने खाने-पीने की समस्या हुई, तो हमने देश के अन्न भंडार खोल दिए। हमारी माताएं-बहनें सम्मान से जी सके इसके लिए हमने उनके जन धन बैंक खाते में सीधे पैसे जमा किए। किसानों और मजदूरों के बैंक खाते में पैसे जमा किए। हमने मुफ्त गैस सिलेंडरों की भी व्यवस्था की ताकि गरीब के घर की रसोई हमेशा चलती रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार राष्ट्रीय सेवा के 8 साल पूरे कर रही है। इन वर्षों में हमने गरीब की सेवा, सुशासन और गरीब के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए हमने देश के विकास को नई गति दी है। हमारी सरकार सुविधाओं को शत प्रतिशत नागरिकों तक पहुंचाने के लिए अभियान चला रही है। जब हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य होता है तो भेदभाव भी खत्म होता है, भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी नहीं होती। पीएम मोदी ने कहा, जब हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य होता है तो भेदभाव भी खत्म होता है।

## कर्नाटक हाई कोर्ट का फैसला नहीं करा पाया हिजाब का हिसाब

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में एक बार फिर हिजाब को लेकर विवाद शुरू हो गया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के कक्षाओं में ड्रेस पहनने को लेकर दिए आदेश के बावजूद मैंगलोर यूनिवर्सिटी में छात्राएं हिजाब पहनकर कॉलेज आने को लेकर अड़ी हैं। शनिवार को भी वे हिजाब पहनते हुए कॉलेज पहुंची लेकिन जब उन्हें कक्षा में घुसने के लिए हिजाब उतारने को कहा गया तो उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद वे वापस लौट गईं। इससे पहले हिजाब न पहनने को लेकर गुरुवार के दिन भी कुछ छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस बवाल के बीच प्रदेश के सीएम बसवराज बोम्मई और शिक्षा मंत्री बीसी नागेश का कहना है कि अदालत इस मामले में पहले ही फैसला सुना चुकी है। कक्षाओं में सिर्फ ड्रेस पहनने की ही अनुमति होगी। कर्नाटक में इस साल



के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं और प्रदेश में मलाली मंदिर मस्जिद विवाद और अब एक बार फिर कक्षाओं में हिजाब पहनने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। हिजाब का मुद्दा गुरुवार को एक बार फिर राज्य में तब सामने आया जब मैंगलोर के यूनिवर्सिटी कॉलेज की छात्राओं के एक समूह ने कक्षाओं का बहिष्कार किया और आरोप लगाते हुए परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कुछ मुस्लिम छात्राएं सिर पर दुपट्टा पहनकर कक्षाओं में भाग ले रही थीं। शनिवार को हिजाब पहनकर कुछ छात्राएं कॉलेज पहुंची लेकिन प्रिंसिपल अनुसूया राय ने उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। इसके बाद वे लाइब्रेरी की ओर गईं लेकिन वहां भी अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली। इसके बाद वे वापस लौट गईं। कर्नाटक के मैंगलोर यूनिवर्सिटी में हिजाब पहनने को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा कि कोई मुद्दा उठाने की कोई आवश्यकता नहीं है। अदालत पहले ही अपना फैसला दे चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि हर कोई अदालत के निर्देश का पालन कर रहा है। अदालतें जो भी फैसला लेती हैं, उसका पालन करना होता है। कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा कि राज्य भर के स्कूल और कॉलेज परिसरों में केवल वर्दी की अनुमति है।

## वरुण गांधी फिर अपनी ही सरकार पर बरसे

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी एक बार फिर से अपनी ही सरकार पर निशाना साधा है इस बार वरुण गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर अपनी सरकार पर सवाल खड़े किए हैं देश में महंगाई के बाद सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है इसपर वरुण गांधी ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर विपक्ष तो सरकार पर हमलावर है ही, अब बीजेपी सांसद ने भी अपनी ही सरकार से बेरोजगारी को लेकर सवाल पूछा है बीजेपी सासंद वरुण गांधी ने केंद्र में विभन्न विभागों समेत सेना, पुलिस, स्वास्थ्य आदि विभागों में खाली पड़े पदों की संख्याओं को लेकर ट्वीट किया उन्होंने कहा, ÷जब बेरोजगारी 3 दशकों के सर्वोच्च स्तर पर है तब यह आंकड़े चौंकाने वाले हैं जहां भर्तियां न आने से करोड़ों युवा हताश व निराश है, वहीं 'सरकारी आंकड़ों' की ही मानें तो देश में 60 लाख 'स्वीकृत पद' खाली हैं कहां गया वो बजट जो इन पदों के लिए आवंटित था? यह जानना हर नौजवान का हक है बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने हमेशा से ही सरकारक की गलत नीतियों को लेकर सवाल खड़े करते रहे हैं चाहे फिर वो उनकी अपनी ही पार्टी की सरकार क्यों न हो इस बार उन्होंने केंद्र की अपनी



बीजेपी सरकार को देश में स्वीकृत पड़े सरकारी पदों पर भर्ती नहीं निकालने की मंशा को लेकर सवाल दागा है वरुण गांधी ने देश में खाली पड़े सरकारी पदों के लेकर सीधे केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है आपको बता दें कि इससे पहले भी वह अपनी ही सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े करते रहे हैं कुछ दिन पहले ही पीलीभीत से बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने यूपी की योगी सरकार की ओर से राशनकार्ड धारकों के लिए तय की गई पात्रता को लेकर सवाल उठाए थे उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आम लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले सारे मानक अगर चुनाव देख कर तय किए जाएंगे तो सरकारें अपनी विश्वसनीयता खो देंगी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### धोनी ने कहा था स्वाभाविक रूप से गेंदबाजी करो : पलानी

**नई दिल्ली** । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के थ्रोडाउन विशेषज्ञ कोंडप्पा राज पलानी ने कहा है कि जब उन्होंने पहली बार टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी धोनी को देखा तो वह उन्हें देखते ही रहे। इसपर धोनी ने कहा कि मुझे देखना बंद करो और अपने स्वाभाविक तरीके से गेंद फेंको। पलानी ने कहा कहा, यह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद का पहला कैंप था। तब मैंने उन्हें पहली बार देखा था। उन्होंने मुझसे कहा आप गेंद फेंकने जा रहे हैं। फिर धोनी ने मुझसे गेंद फेंकने को कहा, इसके बाद टीम खुश थी। पलानी ने साथ ही कहा, तब स्टीफन फ्लेमिंग, माइकल हसी और सभी लोगों ने मुझसे कहा कि धोनी आ रहे हैं उन्हें ठीक से गेंद फेंकना। मेरी पहली दो गेंदें वाइड थीं जबकि अगली गेंद फुल टॉस रही। इसके बाद धोनी मेरे पास आए और कहा 'मुझे देखना बंद करो और गेंद फेंको। उन्होंने मुझसे स्वाभाविक रूप से गेंदबाजी करने को कहा। इसके बाद मैंने जहां चाहा वहां गेंदबाजी की। इससे धोनी काफी खुश हुए और तभी से मुझे नाम लेकर संबोधित करने लगे।'

### आचार संहिता उल्लंघन के लिए कार्तिक को लगी फटकार

**अहमदाबाद** । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को आईपीएल की आचार संहिता उल्लंघन करना भारी पड़ा है। उन्हें इस मामले में कड़ी फटकार लगायी गयी है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान कार्तिक पर आचारसंहिता का उल्लंघन का आरोप है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार कार्तिक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। साथ ही कहा, 'कार्तिक ने आईपीएल आचार संहिता के नियम 2.3 के तहत लेवल एक का अपराध किया था जिससे लिए उन्हें दी गयी सजा स्वीकार को स्वीकार किया है , इसलिए इस मामले में आगे सुनवाई की जरुरत नहीं है। गौरतलब है कि आचार संहिता के तहत लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला ही अंतिम होता है। कार्तिक का इस सत्र में प्रदर्शन अच्छा रहा है और उन्होंने अपनी टीम की ओर से अब तक अहम भूमिका निभाई है।

### अफगानिस्तान के गेंदबाजी कोच बने गुल

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ उमर गुल अब अफगानिस्तान के गेंदबाजी कोच बने हैं। गुल का अनुबंध एक साल का है और वह अगले माह जून में होने वाले जिम्बाब्वे दौरे पर पहली बार टीम के साथ होंगे। 4 जून से 14 जून के बीच होने वाले इस दौरे में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय खेले जाएंगे। इससे पहले गुल पाक सुपर लीग (पीएसएल) में क़्वेटा ग्लैडिएटर्स के गेंदबाजी कोच बने थे। उन्हें अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने इससे पहले यूएई में अप्रैल में होने वाले अभ्यास कैंप के लिए गेंदबाज़ी सलाहकार नियुक्त किया था। वहीं अब उन्हें कोच बनाया गया है। एसीबी ने अपने एक बयान जारी करते हुए कहा कि अभ्यास कैंप में गुल ने प्रभावी कार्य किए और हमें अभी गेंदबाज़ी कोच की जरुरत भी है। इसलिए हमने फैसला लिया है कि हम स्थायी अनुबंध देकर उन्हें गेंदबाजी कोच बनाएंगे। गुल ने गुल ने अक्तूबर 2020 में सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास लिया था। इस खिलाड़ी ने अपने करियर के दौरान 47 टेस्ट मैचों में (163 विकेट), 130 एकदिवसीय मैचों में (179 विकेट) जबकि 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय में (85 विकेट) लिए हैं।



यूजीन में यारोसलाव मेहूसिक ने महिलाओं की ऊंच कूद में जीत दर्ज की।

## चौथा शतक लगा बटलर ऑरेंज कैप की रेस में, तोड़ सकते हैं कोहली का रिकॉर्ड

**अहमदाबाद।** आईपीएल के 15वें सीजन के क्वालिफायर-2 में जोस बटलर ने कोहली का फाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ दिया। उनकी नाबाद 106 रन की पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने बेंगलुरु को हराकर 14 साल बाद फाइनल में जगह बनाई। बटलर ने 10 चौकों और 6 छक्कों की मदद से शतक लगाया। इस पारी में बटलर ने विराट कोहली के एक सीजन में चार शतक लगाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में विराट के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। कोहली ने 2016 में चार शतकों और 7 अर्धशतकों के साथ 973 रन बनाए थे। यह IPL में किसी भी प्लेयर की ओर से एक सीजन में बनाया गया सबसे अधिक स्कोर है। बटलर ने भी इस सीजन के 16 मैचों में 58.86 के एवरेज से 824 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 151.47 रहा। इस दौरान उन्होंने चार शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए हैं।

### बटलर ने ऑरेंज कप पक्का किया

बटलर ने इस सीजन में 824 रन बनाकर ऑरेंज कप पक्का कर लिया है। दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर काबिज खिलाड़ी उनसे काफी पीछे हैं और उनकी टीमें IPLसे बाहर हो चुकी हैं। बटलर के बाद केएल राहुल ने 616 रन बना कर दूसरे स्थान पर हैं। उनकी टीम लखनऊ जायंट्स ढ्ढक्क से बाहर हो चुकी है। इसी तरह तीसरे नंबर पर क्विंटन डि कॉक भी लखनऊ जायंट्स से ही हैं। उन्होंने 508 रन बनाए हैं।



शिखर धवन 460 रनों के साथ चौथे नंबर पर हैं। धवन की टीम पंजाब किंग्स प्ले ऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी। पांचवें स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या हैं। उनकी टीम फाइनल में पहुंच चुकी है और उसे केवल एक मैच ही खेलना है। हार्दिक ने 14 मैचों में 453 रन बनाए हैं। उनका बटलर से आगे निकल पाना मुश्किल है।

सिराज के खिलाफ सबसे पहले दिखा बटलर का आक्रामक अंदाज

इनिंग के पहले ओवर में सिराज के खिलाफ चौका जड़कर बटलर ने अपने इरादे साफ कर दिए। दूसरे ओवर में जोश हेजलवुड को भी बटलर ने चौका जड़ा। तीसरे ओवर में बटलर ने सिराज के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। इस ओवर में बटलर ने लगातार 2 चौके और फिर एक लंबा छक्का लगाया।

## आईपीएल में विजेता को मिलेंगे 20 करोड़

**अहमदाबाद** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में रविवार को गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खिताबी मुकाबला होगा। इसमें विजेता टीम को 20 करोड़ रुपए जबकि हारने वाली टीम को 13 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिलेगी। वहीं दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स के हाथों हारने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को तीसरे स्थान पर आने के कारण सात करोड़ की राशि मिलेगी। वहीं चौथे नंबर पर रही लखनऊ सुपर जाएंट्स को 6.50 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसके अलावा शानदार प्रदर्शन कर पर्पल और ऑरेंज कैप जीतने वाले खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं टूर्नामेंट के इमर्जिंग खिलाड़ी को 20 लाख रुपए का इनाम मिलेगा। आईपीएल की शुरुआत साल 2008 में हुई थी तब विजेता रही टीम राजस्थान रॉयल्स को 4.8 करोड़ रुपए मिले थे। आज यही इनामी राशि बढ़कर पांच गुना हो गयी है।

## बांग्लादेश टीम को असफलता का डर निकालना होगा : शाकिब

**ढाका ।** श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए बांग्लादेश क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कहा है कि हमारी टीम की मानसिकता ठीक नहीं है। हमें उसमें बदलाव लाना होगा। शाकिब के अनुसार हम विफलता से डरने लगे हैं। इसके लिए हमें मानसिकता में सुधार लाना ही होगा। मुझे लगता है हम असफलता से डरने लगे हैं।%। शाकिब ने कहा, हमारी टीम की फिटनेस बहुत अच्छी है। हम काफी समय मैदान पर बिताने के आदी हैं। हमने इस सीरीज में 400 (408) ओवरों की फील्डिंग की है। लिटन ने 400 ओवर कीपिंग की और 141 रन बनाए। मुश्फिकिर ने पहली पारी में 175 रन बनाए। हम शारीरिक रूप से मजबूत हैं पर मानसिक तौर पर नहीं।

हमने दबाव का ठीक से सामना नहीं किया। हम दूसरी पारी में खराब खेल रहे हैं। हमारे आज इसे बदलने का अवसर था पर हमने इसे खो दिया है।% शाकिब ने कहा कि नजमुल हुसैन शांतो के रन आउट से साफ जाहिर हो गया था कि बल्लेबाज शांत मन से नहीं खेल रहे थे जबकि टेस्ट में इस प्रकार रन आउट होना सही नहीं कहा जा सकता। दबाव के क्षणों में हमें ठंडे दिमाग से काम



लेना प?ता है। ऐसे में तनाव और डर होता ही है पर यही टेस्ट क्रिकेट का रोमांच है। हम सबने पहले भी ऐसे अवसर देखे हैं। बहुत जरूरी है कि आप याद रखें कि आपको ऐसे में सफलता कैसे प्राप्त हुई है।

टेस्ट के चौथे दिन शाकिब ने अपनी 19वीं पारी में पांच विकेट लेने के बाद कहा कि मैं वैसे अपनी गेंदबाजी पर हमेशा विश्वास करता हूं। शायद मैंने अपना आत्म विश्वास सिर्फ एक या दो बार खोया है। वहीं टीम के कप्तान मोमिनुल हक का इस साल का औसत केवल 16.20 का है। बतौर कप्तान भी यह औसत 31.44 का ही है पर शाकिब ने कप्तान का समर्थन करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक कठिन समय है पर उनका समर्थन करना जरूरी है।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को टेस्ट मैच में दस विकेट से हराया

**ढाका ।** श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को 10 विकेट से हराकर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली है। श्रीलंका की जीत में तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो की अहम भूमिका रही। फर्नांडो ने केवल 51 रन देखकर छह विकेट लिए। इस तेज गेंदबाज ने मैच में 144 रन देकर कुल 10 विकेट लिए। मेजबान बांग्लादेश की ओर से सुबह के सत्र में लिटन दास और शाकिब अल हसन ने 97 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को बचाने का प्रयास किया पर वे सफल नहीं हुए।

फर्नांडो ने अपनी गेंद पर शानदार रिटर्न कैच लेकर लिटन को पेवेलियन भेजा। लिटन ने 52 रन बनाए। वहीं शाकिब 72 गेंदों में 58 रन बनाकर जल्दी आउट हुए।



बांग्लादेश ने आखिरी तीन विकेट बिना कोई रन बनाकर खो दिये। बांग्लादेश की टीम अपनी दूसरी पारी में 169 रनों पर ही आउट हो गयी। पहले पारी के आधार पर मिली बढ़त को देखते हुए श्रीलंका को जीत के लिए केवल 29 रन बनाने थे जो उसने बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिए।

## व्यापार न्यूज

### ओला बैटरी और इलेक्ट्रिक कार संयंत्र लगाने जमीन की तलाश में

**नई दिल्ली** । वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओला इलेक्ट्रिक को बैटरी (सेल) और इलेक्ट्रिक कार कारखाने स्थापित करने के लिए जमीन तलाश रही है और वह इस संबंध में कई राज्यों के साथ बातचीत कर रही है। जानकारी के मुता?बिक ओला इलेक्ट्रिक को अपनी सेल गीगाफैक्टरी और इलेक्ट्रिक कार फैक्टरी स्थापित करने के लिए 1,000 एकड़ जमीन की जरूरत है। इसमें 10,000 करोड़ रुपए के निवेश की उम्मीद है। जानकारी के मुता?बिक कुछ राज्यों की पहले से ही इस निवेश को अपने यहां लाने पर नजर है। ओला इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन परियोजना को लेकर गंभीर है और कुछ डिजाइन लगभग तैयार हैं। बताया जा रहा है ?कि कंपनी भूमि अधिग्रहण के लिए उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना की सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। सूत्रों ने आगे कहा कि कंपनी अगले महीने की शुरुआत में इसे अंतिम रूप दे सकती है। ओला के पास पहले ही तमिलनाडु के कृष्णागिरी में 500 एकड़ जमीन है, जहां उसने फ्यूचरफैक्ट्री की स्थापना की है, जो दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कारखाना है। कंपनी के प्रवक्ता ने इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### लघु उद्यम संकुल विकास कार्यक्रम के लिए नए दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली** । सरकार ने वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम संकुल विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) से संबंधित नए दिशानिर्देशों को अनुमति प्रदान कर दी है।सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के मंत्रालय ने बताया कि 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप वर्ष 2021-26 के दौरान सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों की उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के इरादे से ये दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशानिर्देशों के मुताबिक, साझा सुविधा केंद्रों (सीएफसी) के विकास के लिए केंद्र सरकार का अनुदान पांच करोड़ से लेकर 10 करोड़ रुपए तक की परियोजना लागत का 70 फीसदी ही रहेगा। वहीं परियोजना लागत 10 करोड़ से लेकर 30 करोड़ रुपए तक होने पर 60 फीसदी लागत केंद्रीय अनुदान के रूप में दी जाएगी।एमएसएमई मंत्रालय ने कहा कि पूर्वोत्तर एवं पर्वतीय राज्यों, द्वीपीय क्षेत्रों और आकांक्षावान जिलों के मामले में सरकारी अनुदान 70-80 फीसदी तक होगा।

### निवेशकों ने ग्लोबल स्टॉक्स में 20 अरब डॉलर निवेश किए

**मुंबई ।** अमेरिकी बाजारों में गिरावट की वजह से भारत सहित पूरे वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव हावी है। अब अमेरिकी बाजारों से कुछ अच्छी खबर आ रही है। एक रिपोर्ट में बैंक ऑफ अमेरिकी के हवाले से यह बात कही गई है। बैंक ऑफ अमेरिका ने कहा है कि 25 मई को समाप्त सप्ताह में निवेशकों ने ग्लोबल स्टॉक्स में लगभग 20 अरब डॉलर निवेश किए हैं। यह पिछले 10 हफ्ते में सबसे ज्यादा है। ईपीएफआर ग्लोबल डेटा के हवाले से यह बात कही गई है। रिपोर्ट के मुतबिक बॉन्ड फंड से आउटफ्लो 5.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसका असर ये रहा कि इस हफ्ते इक्विटी में सुधार दिखा। ग्लोबल स्टॉक्स सात हफ्तों की गिरावट के बाद बढ़त में देखने को मिले। वहीं मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दरों के बारे में चिंता, चीन के कमजोर आर्थिक दृष्टिकोण और यूक्रेन में युद्ध की चिंताओं के बीच निवेशक फिर से खरीदारी करते दिखे। फेडरल रिजर्व के मिनटों के सुझाव के बाद डॉलर एक महीने के निचले स्तर पर आ गया। बाजार के निवेश रणनीतिकारों का कहना है ?कि बाजार के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि अमेरिकी बाजार में कमजोरी अब थमती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि फेड के मिनट्स के मुताबिक साल के अन्त में रेट हाइक नहीं होंगे। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत है। लिहाजा फेड का रुख बाजार के अनुमानों के मुताबिक थोड़ा कम सख्त होगा।

## जिन बैंक खातों का नहीं कर रहे इस्तेमाल, उन्हें तत्काल बंद कर धोखाधड़ी से बचें

**नई दिल्ली** । आजकल लगभग सारा वित?तीय लेनदेन बैंकों के माध्यम से ही हो रहे है। बैंक में अकाउंट खुलवाना आजकल बहुत आसान हो गया है। इसकारण ज्यादातर लोगों के एक से अधिक बैंक खाते हैं।बहुत-से लोग अपने एक या एक से अधिक बैंक खातों का उपयोग धीरे-धीरे कम करते हैं और एक समय ऐसा आता है जब इनका प्रयोग करना बिलकुल छोड़ देते हैं। अधिकतर लोग उपयोग में न लाए जा रहे बैंक खाते को बंद नहीं करवाते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करना जरूरी नहीं है। हालांकि, उनका यह सोचना गलत है, ऐसा बैंक खाता, जिसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है, उस बंद नहीं कराने से न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि कई बार इसतरह के खातों को माध्यम बनाकर धोखाधड़ी भी की जाती है। इसलिए जिन खातों को काम में नहीं लिया जा रहा, उन्हें बंद जरूर करा देना चाहिए। ज्यादातर बैंक खातों में मंथली एवरेज बैलेंस रखना होता है। यह 500 रुपये से लेकर 20,000 रुपये तक हो सकता है। जीरो बैलेंस वाले खाते में भी अगर तीन महीने तक पैसे न डाले जाए, तब वह सेविंग अकाउंट में बदल जाता है। मिनिमम बैलेंस न रखने पर बैंक आपके खाते से अपनी पॉलिसी के हिसाब से पैसे काट सकता है। इस तरह आपको बिना वजह ही आर्थिक चपत लगती है। इसकारण खाते को बंद कराना ही अच्छा है। बैंक डेबिट कार्ड और एसएमएस चार्जेज वसूलते हैं। डेबिट कार्ड फीस सालाना 100 रुपये से 1000 रुपये तक हो सकती है। इसी तरह अलग-अलग बैंक एसएमएस चार्जेज भी वसूलते हैं। अगर आप अपने अकाउंट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, तब भी आपको ये फीस चुकानी ही होगी। इसलिए काम में न लिए जा रहे अकाउंट को बंद कराकर इन चार्जेज से छुटकारा पाना ही सही है। अगर आप आयकरदाता हैं, तब आपको अपने इसतरह के बैंक अकाउंट जरूर बंद कराने चाहिए, जिनका आप प्रयोग नहीं कर रहे हैं। आरटीआर दाखिल करते वक्त आयकर विभाग को अपने सभी बैंक खातों की जानकारी आयकर दाता को देनी होती है। इसके लिए बैंकों से स्टेटमेंट निकलवानी होती है। अगर आप किसी खाते का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, तब भी उसकी स्टेटमेंट आपको बैंक से लेनी होगी। यह बिना बात का ही झंझट है, जिसे इसतरह के अकाउंट को बंद करके टाला जा सकता है। वे अकाउंट्स, जिनका प्रयोग नहीं किया जा रहा है वे धोखाधड़ी करने वाले लोगों के निशाने पर रहते हैं। इसतरह के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें अपराधियों ने ऐसे बैंक अकाउंट का प्रयोग कर पैसों का लेनदेन किया जिनका प्रयोग लंबे समय से नहीं किया जा रहा है। इसलिए इस तरह की परेशानी से बचने के लिए आपको अपने इसतरह के अकाउंट को बंद ही करा देना चाहिए जिसका प्रयोग नहीं कर रहे हैं।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.23 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मई को समाप्त सप्ताह में 4.23 अरब डॉलर बढ़कर 597.509 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार यह वृद्धि विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में हुई बढ़ोतरी के कारण हुई है। इससे पूर्व 13 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.676 अरब डॉलर घटकर 593.279 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों में वृद्धि होना है जो कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण घटक है। आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 3.825 अरब डॉलर बढ़कर 533.378 अरब डॉलर हो गई। डॉलर में



अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 25.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 40.823 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.306 अरब डॉलर हो गया। आईएमएफ में रखे देश का मुद्रा भंडार 5.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.002 अरब डॉलर पहुंच गया।

## चीन की प्लास्टिक प्रसंस्करण मशीनों पर डंपिंग रोधी शुल्क नहीं लगेगा

**नई दिल्ली** । सरकार ने कहा है कि चीन की प्लास्टिक प्रसंकरण मशीनों पर डम्पिंग रोधी शुल्क नहीं लगाया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने चीन से इन मशीनों की कथित डंपिंग के खिलाफ जांच की थी और फरवरी में इन पर शुल्क लगाने की सिफारिश की थी। वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला राजस्व विभाग की तरफ से जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, केंद्र सरकार ने डीजीटीआर के अंतिम निष्कर्षों पर विचार करने के बाद सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है। डीजीटीआर जहां आयात होने वाली वस्तुओं पर डम्पिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करता है, वहीं राजस्व विभाग शुल्क लगाने को लेकर अंतिम निर्णय लेता है। इसके अलावा एक अन्य ज्ञापन में विभाग ने कहा कि सरकार ने यूरोपीय संघ, जापान, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से मेलामाइन के आयात पर भी डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में डंपिंग शुल्क तब लगाया जाता है जब कोई देश या कंपनी अपने घरेलू बाजार में किसी उत्पाद की कीमत से कम मूल्य पर किसी वस्तु का निर्यात करती है।

## पहुंच से दूर हुआ आम और टमाटर, गर्मी से यूपी में बेकार हुआ 80 फीसदी आम, टमाटर भी चौपट

**नई दिल्ली** । महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी की पहुंच से टमाटर और आम भी दूर होता जा रहा है। देश के कई हिस्सों में इनकी कीमत 100 रुपये के पार पहुंच गई है। समय से पहले गर्मी और लू जारी रहने से टमाटर और आम की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। देश में आम के सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में 80 फीसदी पैदावार प्रभावित हुई है। सप्लाई में कमी के कारण आम और टमाटर की कीमत में भारी उछाल आया है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में टमाटर 120 रुपए किलो बिक रहा है। कम उत्पादन के कारण इस बार आम का निर्यात भी प्रभावित होने की आशंका है। देश में आम का सबसे अधिक उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है, लेकिन इस बार उत्पादन दो दशक में सबसे कम रहने की आशंका है। लू के कारण 80 फीसदी फसल खराब हो गई है।

अधिकांश उत्तरी और दक्षिणी राज्यों में आम की कीमत 100 रुपये किलो के पार चली गई है। कम उत्पादन के कारण आम का निर्यात भी प्रभावित होगा। वेजिटेबल ग्रोअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेजिडेंट श्रीराम गढवे ने कहा कि टमाटर की कीमतों में हाल फिलहाल कमी आने की उम्मीद नहीं है। जुलाई में जाकर इसमें कुछ नरमी आ सकती है जब नई फसल आएगी।

देश में टमाटर की बढ़ती कीमत से सरकार की परेशानी बढ़ सकती हैं, क्योंकि इसका घर-घर में इस्तेमाल होता है। सरकार खाने पीने की चीजों की महंगाई को रोकने के लिए हरसंभव उपाय कर रही है। अप्रैल में महंगाई 8.38 फीसदी पर पहुंच गई जो इसका 17 महीने का उच्चतम स्तर है। खासकर खाने पीने की चीजें महंगी होने के कारण महंगाई बढ़ी है। गढवे ने कहा क्लाइमेट कंडीशन में बदलाव के कारण टमाटर की फसल पर कीड़ों का हमला हुआ। इस कारण सप्लाई में काफी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पहले एक एकड़ में 10 टन टमाटर की फसल होती थी, जो अब घटकर तीन टन रह गई है, लेकिन लू के कारण टमाटर के फूल मुरझा रहे हैं और इससे भी उत्पादन प्रभावित हो रहा है। देश में हर साल 2.1 से 2.3 करोड़ टन टमाटर का उत्पादन होता है। टमाटर की फसल गर्मी से बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसी तरह समय से पहले गर्मी शुरू होने और लू जारी रहने से आम की फसल पर भी असर पड़ा है। मैंगो ग्रोअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेजिडेंट एस इन्सराम अली ने कहा कि लू के कारण आम की बौर पर असर पड़ा। आम के लिए 27 डिग्री सेंटीग्रेड का तापमान सबसे अच्छा रहता है। उत्तर प्रदेश में सालाना 45 लाख टन आम की पैदावार होती है। इस बार पैदावार में गिरावट के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। एग्रीकल्चर एंड प्रोसेस्ड फूड प्रॉडक्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुताबिक देश की कुल आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश का हिस्सा 23.47 फीसदी है। आंध्र प्रदेश के एक किसान ने कहा कि लू और समय से पहले गर्मी पड़ने के कारण राज्य में भी आम का उत्पादन प्रभावित हुआ है। कम उत्पादन के कारण आम के निर्यात पर भी असर पड़ेगा।

# मल्लिका शेरावत के बोल्ड अंदाज पर फैंस हार जाएंगे दिल, दिखा एक्ट्रेस का दिलकश अंदाज



मल्लिका शेरावत ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है. एक्ट्रेस अपने बोल्ड अंदाज के लिए इंडस्ट्री में जानी जाती हैं. खास बात ये है कि मल्लकि ने अब तक कई छोटी बड़ी फिल्मों में काम किया है. इतना ही नहीं मल्लिका बॉलीवुड इंडस्ट्री के उन चुनिंदा लोगों में से हैं जिन्होंने हॉलीवुड फिल्मों के लिए भी काम किया है. मल्लिका भले काफी समय से फिल्मों में नजर ना आई हों, लेकिन एक्ट्रेस आए दिन अपनी ग्लैमरस फोटोज फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं. हाल ही में मल्लिका ने फैंस को दीवाना करने वाली फोटोज शेयर की हैं. अपनी अदाओं से आग लगाने वाली एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने अपने करियर की शुरूआत टी.वी. विज्ञापनों से की थी. इस दौरान एक्ट्रेस ने अमिताभ बच्चन और शाहरूख खान जैसे कलाकारों के साथ काम किया था. लेकिन एक्ट्रेस ने फिल्मों में अपनी शुरुआत 'जीना सिर्फ मेरे लिए' में एक छोटे से किरदार से की थी. इसके बाद आई उनकी फिल्में 'ख्वाहिश' और 'मर्डर' से वे चर्चा में आ गई. इस फिल्म के बाद मल्लिका को एक खास पहचान मिली. मल्लिका बोल्ड सीन ही नहीं शानदार एक्टिंग के लिए भी जानी जाती हैं. हाल ही में मल्लिका ने एक बार फिर से सोशल मीडिया पर अपनी हॉट फोटोज शेयर की हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस बीच की फोटोज शेयर की हैं. खास बात ये है कि एक्ट्रेस इन फोटोज में बिकिनी टॉप पर शार्ट्स में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने आंखों पर चश्मा पहना हुआ है. फोटो शेयर करते हुए मल्लिका ने बताया है कि ये उनकी पुरानी फोटो हैं. फोटोज में एक्ट्रेस के चहेरे पर मुस्कान भी देखी जा सकती है. मल्लिका अपने इसी खास अंदाज के लिए फैंस के बीच खास तौर पर जानी जाती हैं. फिलहाल मल्लिका की ये फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं मल्लिका

मल्लिका अब समय-समय पर सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के जरिए फैंस को अपनी लाइफ अपडेट्स देती रहती हैं।

## स्वरा भास्कर ने साड़ी में दिखाए सेंशुअस मूव्स

बॉलीवुड में अपनी बेबाक अंदाज के लिए मशहूर एक्ट्रेस स्वरा भास्कर इन दिनों पार्टी मूड में नजर आ रही हैं. जी हां, एक्ट्रेस ने अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसे लेकर एक्ट्रेस चर्चा में चल रही हैं. स्वरा भास्कर ने सोशल मीडिया



पर अब से कुछ देर पहले अपना एक वीडियो पोस्ट किया है इस वीडियो में एक्ट्रेस साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं. इस वीडियो में वो अकेले आफ्टर पार्टी करते हुए नजर आ रही हैं. स्वरा भास्कर ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा , 'अकेली आफ्टर पार्टी.' कोई खास वजह न होने पर भी एक अच्छी वजह है.' स्वरा भास्कर ने इसे शुक्रवार भोर में पोस्ट में किया है. जहां स्वरा के फैंस उनकी इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं. एक्ट्रेस के फैंस इस वीडियो पर लगातार कमेंट कर रहे हैं. जहां एक महिला यूजर ने एक्ट्रेस की वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा है कि ये हम हैं, और ये हमारी साड़ी है, और यहां हमारी आफ्टर पार्टी हो रही है. वहीं कुछ लोग उनका ये अंदाज देखने के बाद उन्हें जमकर ट्रोल भी कर रहे हैं. जी हां एक्ट्रेस के इस वीडियो को देख लोगों ने लिखा है कि ये मोदी को हराने निकली है तरह तरह के कमेंट इस वीडियो पर लगातार आ रहे है. जहां एक्ट्रेस इस वीडियो में बादशाह के गाने 'तारीफा' पर डांस कर रही हैं. जहां वो बेहद खुश भी हैं. एक्ट्रेस कई बार सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ अपनी राय रखने को लेकर ट्रोल होती रहती हैं. फिल्मों की बात करें तो एक्ट्रेस हमें आखिरी बार साल 2018 में आई अपनी फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' में नाजर आई थीं. जहां इस फिल्म में उन्होंने साक्षी नाम की एक बिजनेस वुमन का किरदार निभाया था।

## सिंहस्टा और हनी सिंह का गाना मॉर्डन रांझा रिलीज होते ही मचा रहा धमाल

सिंगर सिंहस्टा और यो यो हनी सिंह एक बार फिर से एक दूसरे के साथ काम करते हुए नजर आए हैं। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि उनका नया गाना मॉर्डन रांझा आज रिलीज कर दिया गया है। ये गाना रिलीज होने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बना हुआ है और सोशल मीडिया यूट्यूब पर ट्रेंड भी कर रहा है। यो यो हनी सिंह और सिंहस्टा के इस गाने में दोनों जमकर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। मॉर्डन रांझाा गाने में एक कहानी भी चल रही होती है। पंजाबी पॉप म्यूजिक को बदलने में सिंहस्टा का बहुत बड़ा योगदान है। मॉर्डन रांझा का लेखन और कंपोज सिंहस्टा ने ही किया है। इस गाने के बोल मजेदार है और टेंपो बीट पर या बनाया गया है। यो यो हनी सिंह का ये गाना आज के युवाओं को काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। जिसको लोगों की तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। रिलीज होते इस गाने को ढेर सारे व्यूज भी मिल चुके हैं।

# प्रभास के साथ फिल्म सलार में श्रीनिधि शेट्टी करेगी रोमांस



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता प्रभास आने वाले दिनों में कई फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म सलार भी शामिल है। इस फिल्म का ऐलान कुछ समय पहले ही मेकर्स ने कर दिया था। फिल्म का निर्देशन केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील करने वाले हैं। फिल्म केजीएफ 2 के प्रशांत नील सलार का निर्देशन करने वाले है। ऐसे में जाहिर है कि सुपरहिट कलाकारों की फिल्म के बारे में दर्शक जानने के लिए उत्साहित होंगे। फिल्म सलार को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज दिखाई दे रहा है। प्रभास की फिल्म सलार का ऐलान जब से हुआ है। दर्शक हर एक छोटी बड़ी बात जानना चाहते हैं। अब ऐसे में फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जिसको जानने के बाद दर्शकों का उत्साह और भी ज्यादा बढ़ने वाला है। पहले आई खबरों में ऐसा कहा जा रहा था कि फिल्म सलार में प्रभास के साथ अभिनेत्री श्रुति हासन नजर आने वाली हैं। लेकिन अब कहा जा रहा है उसमें यह है कि प्रभास के साथ श्रुति हसन नहीं नजर आएंगी। इस वक्त कि आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि प्रभास के साथ सलार में श्रुति हासन नहीं बल्कि केजीएफ स्टार श्रीनिधि शेट्टी नजर आने वाली हैं। केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील ने अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी को फिल्म में प्रभास के ऑपोजिट साइन किया है। जिसमें श्रीनिधि शेट्टी प्रभास के साथ रोमांस करते हुए नजर आने वाली हैं। इसके अलावा उनका एक स्पेशल डांस नंबर भी होगा। इस गाने को लेकर मेकर्स की योजना है कि वो इसे बड़े स्तर पर निर्माण करें। हालांकि अगर हम बात करें फिल्म सलार की तो फिल्म को लेकर जल्दी ही काम शुरू होने वाला है।



## लुप्त हो रहे जीव

वनस्पति और जीव-जंतु ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं। वन्य जीव चूंकि हमारे मित्र भी हैं, इसलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। अब तक के शोधों से यह सामने आ चुका है कि धरती का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका की वजह से सिर्फ तीन फीसद हिस्सा ही सुरक्षित रह गया है। ब्रिटेन स्थित स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर के मुताबिक विश्व के केवल 2.7 फीसद हिस्से में ही अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़-पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 फीसद क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ये जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे। धरती पर जैव विविधता के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर शोधकर्ताओं का कहना है कि अधिकांश प्रजातियां मानव शिकार के कारण लुप्त हुई हैं, जबकि कुछ अन्य कारणों में दूसरे जानवरों का हमला और बीमारियां शामिल हैं। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ क्राइम रिपोर्ट 2020 के मुताबिक वन्यजीवों की तस्करी भी दुनिया के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा बन कर उभरी है। रिपोर्ट के मुताबिक सर्वाधिक तस्करी स्तनधारी जीवों की होती है। वन्यजीव तस्करी में 22 फीसद तस्करी के मामले रेंगने वाले जीवों के और दस फीसद पक्षियों के होते हैं। जबकि पेड़-पौधों की तस्करी का हिस्सा 14.3 फीसद है। इंटरनेशनल यूनियन फार कंजर्वेशन आफ नेचर (आईयूसीएन)की वर्ष 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले वक्त में इनके विलुप्त होने की संख्या और दर अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। पक्षियों की प्रजातियों की संख्या में गिरावट को भारत के संदर्भ में देखें तो भारत में जहां 14 फीसद प्रजातियों की संख्या में वृद्धि हुई है, वहीं छह फीसद प्रजातियों की संख्या स्थिर है, जबकि 80 फीसद प्रजातियां कम हुई हैं। इनमें से 50 फीसद प्रजातियों की संख्या में भारी गिरावट और 30 फीसद प्रजातियों में कम गिरावट दर्ज की गई है। सालाना पक्षी गणना में प्रतिवर्ष पक्षियों की संख्या और विविधता में गिरावट आ रही है, जिसका बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और जंगलों का कटना है। उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में पक्षियों पर हुए शोध के नतीजे भी चौंकाने वाले हैं। वहां वन क्षेत्रों में मानवीय दखल, वनों की कटाई और तेजी से बढ़ते प्रदूषण के कारण पक्षियों की संख्या में 60 से 80 फीसद तक की कमी आई है। देहरादून स्थित सेंटर फॉर इकोलाजी, डवलपमेंट एंड रिसर्च (सेडार) और हैदराबाद स्थित सेंटर फार सेल्युलर एंड मालिक्यूलर बायोलाजी के शोधकर्ता यह साझा शोध वर्ष 2016 से हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में कर रहे हैं।

# महान क्रान्तिकारी जननायक वीर विजय सिंह पथिक का राष्ट्र चिन्तन

डॉ. नाज़ परवीन

गुर्जर इतिहास वीरता, शौर्य और अदम्य साहस से परिपूर्ण है। जमीन से जुडे गुर्जर समाज का इतिहास सवर्णिम अंक्षरों से रचा बसा है। राष्ट्र प्रेमी वंचितों एवं शोषितों के अग्रिम पंक्ति के नेता जिन्होंने भारत को कई भीतरी एवं बाहरी खतरों से बचाने में अपना बलिदान दिया, उस जुझारू समाज का दिवाकर 'वीर गुर्जर, विजय सिंह पथिक' का जन्म एक क्रान्तिकारी परिवार में 27 फरवरी 1882 में हुआ था।

बुलन्दशहर जिले के गांव गुठावली कलां का गुर्जर परिवार माटी से जुडा क्रान्तिकारी परिवार था। इनके दादा इन्द्र सिंह बुलन्दशहर में मालागढ़ रियासत में दीवान के पद पर थे, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में दादा इन्द्रसिंह के शौर्य और बलिदान की गाथा में रमा इनका बचपन एक सशक्त योद्धा का निर्माण कर रहा था। योद्धा किसानों का, मजदूरों का और समाज के हाशिये पर खडे लोगों का। जिनके अधिकारों की बात करना उस दौर में कठिनतम कार्यों में से था।

अंग्रेजी हुकूमत के खौफ के आगे आम जनता जिन सवालों को उठाने से भय खाती थी, गुर्जर परिवार निडरता से सबका पक्ष रखता था। इनके बचपन में लोग इन्हें भूप सिंह के नाम से पुकारते थे, पिता हमीर सिंह गुर्जर को ब्रिटिश हुकूमत ने 1857 की क्रान्ति में योगदान देने के लिए गिरफतार कर लिया, इनकी मां कमल कुमारी पर इसका गहरा प्रभाव पडा, जिसका सीधा असर पूरे परिवारिक वातावरण पर देखा जा सकता था। बचपन देश की आजादी के सपनों ने सींचा, बडे हुए तो हाशिये पर खडे लोगों का जीवन सवारने में लग गये। घर-परिवार से पहले भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने के स्वप्न में जुट गये, महान वीर गुर्जर विजय सिंह पथिक जी!

भारत के गौरव विजय सिंह पथिक अंग्रेजी हुकूमत के गहरे आलोचक थे, इसलिए युवावस्था में ही परिवार की जिम्मेदारी उठाने से ज्यादा देश में आजादी की वकालत की हिमाकत की, और जुड गये रास बिहारी बोस एवं शचीन्द्र नाथ सान्याल जैसे क्रान्तिकारियों के साथ। यह वह दौर था जब ब्रिटिश हुकूमत उन तमाम क्रान्तिकारी गतिविधियों को कुचलने में देर नहीं लगाती थी, जिनमें स्वतंत्रता की किरण नज़र आने लगती थी। इसलिए सन् 1915 में फिरोजपुर षडयन्त्र की घटना के पश्चात् इन्होंने अपना असली नाम भूपसिंह से बदलकर विजयसिंह पथिक रख लिया, और इसी नाम से ना केवल भारत अपितु इग्लैण्ड की भी ब्रिटिश हुकूमत की आंखों में खटकते रहे। गरीब को गरीबी से बाहर निकालने का जो प्रण उन्होंने लिया वह उनकी विरासत की देन थी।

आजादी के इतने पहले यदि मजदूर, किसानों की समस्याओं को किसी ने फांक कर देखा, तो वो वीर गुर्जर विजय सिंह पथिक जी ही थे, जिनकी आंखों में हर वक्त मजबूर किसानों की तंगहाली दिखती थी, मजदूरों के शोषण और अन्याय को दूर करने की जददों जहद में हर वक्त तल्लीन रहते थे भूप सिंह गुर्जर जी। पथिक जी का स्वप्न था कि भारत को शोषण, अन्याय मुक्त बनाना है, वो भी तत्कालीन परिस्थितियों में जबकि आम जनमानस का जीवन अंग्रेजो के हाथों जकडा हुआ था, उनका अथक प्रयास जारी था। महात्मा गांधी के किसान आन्दोलनों से बहुत पहले आपने देश में पहला विशाल किसान आन्दोलन 'बिजौलिया आन्दोलन' के रूप में खडा किया। जिसका उददेश्य मजबूती से किसान के शोषण और अन्याय के विरूद्ध अलख जगाना था। सन 1912 में राजधानी परिवर्तन और हार्डिंग पर बम काण्ड की गतिविधियों में रास बिहारी बोस, जोरावर सिंह, प्रताप सिंह, के साथ पथिक जी का भी नाम शामिल था जिससे अंग्रेजों से बचने में सफल हुए और फरार हो गए। पथिक जी रास बिहारी बोस के नेतृत्व में 1857 की तर्ज पर एक बडा आन्दोलन तैयार करना चाहते थे, जिसमें अंग्रेजों को उकसाने और राजाओं को अपनी तरफ विद्रोह में शामिल करना था, पथिक जी को राजस्थान का नेतृत्व संभालना था। लेकिन पथिक जी फिरोजपुर षडयन्त्र में अंग्रेजों की आंखों में पहले से चुभ रहे थे, जिसके लिए उन्हें भूमिगत होना पडा।



यकीनन हवाओं का रूख दूसरी ओर था, लेकिन पथिक जी का हौसला सदैव बुलन्द रहा, इसलिए अंग्रेजो से छुपते-छुपाते अपनी तैयारियों में कभी कमी नहीं होने दी। आगे जाकर लाहौर केस में भी उनका नाम उछला, तब भी वीर गुर्जर अंग्रेजों की आंखों में धूल झोकने में सफल रहे। ब्रिटिश हुकूमत से बचने के लिए उन्होंने राजस्थानी राजपूतों सा वेश धारण किया एवं चित्तौडगढ़ में रहने लगे। बिजौलिया से आये एक साधु सीताराम दास से वे बहुत प्रभावित हुए और उनके कहने पर ही बिजौलिया आन्दोलन का नेतृत्व संभाला। बिजौलिया उदयपुर रियासत का एक छोटा सा हिस्सा था, जहां किसानों पर घोर अन्याय किया जा रहा था। शोषण और अन्याय से पीडित किसानो को तंगदस्ती में भी मोटी रकम हुकूमत को मालगुजारी के रूप में देनी पडती थी। बिजौलिया जाकर पथिक जी ने उन किसानों की हालत देखकर उन्हें इस अन्याय से मुक्ति का प्रण लेकर सन् 1916 में आन्दोलन का नेतृत्व अपने हाथों में लिया और इतिहास को एक मजबूत आन्दोलनों की राह भी दिखाई। किसानों का आर्थिक शोषण इस हद तक था कि उनसे 84 प्रकार के कर वसूल किए जाते थे, युद्धकोष कर, साहूकारों का शोषण जैसी समस्याओं के कारण किसानों की कमर तोड कर रख दी थी। उन्होंने गांव-गांव में किसान पंचायत की कई शाखाऐं खोली।

किसानों की भूमि सुधार मांग, अधिभारों एवं बेगार से सम्बन्धित मुददों को समाज और सरकार के समक्ष रखने का सफल प्रयास किया। जमीन से जुडे इस जननायक के प्रयासो का परिणाम था, कि पंचायत ने भूमि कर न देने का निर्णय लिया। यह वह दौर था जब विश्व में रूसी क्रान्ति 1917 की खूब चर्चाऐं हो रही थी, समाज को साधने के महारथी जननायक पथिक जी ने आम-जनमानस को इस क्रान्ति से प्रेरित करके भारत में किसानों की शोषण से आजादी का बिगुल फूंका। जिसकी चर्चाऐं गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपने अखबार %प्रताप% में जोर-शोर से की हैं।

पथिक जी ने किसानों के दर्द को बम्बई जाकर महात्मा गांधी को बतायी। गांधी जी ने वचन दिया कि यदि मेवाड की सरकार किसानों का दर्द दूर नहीं करती तो वे स्वयं बिजौलिया आन्दोलन का नेतृत्व संभालेंगे। गांधी जी ने महाराणा को पत्र भी लिखा, लेकिन कोई समाधान न निकला।

पथिक जी जननायक थे! उन्होंने जनता की बात, जनता के साथ रखने का निश्चय किया। तत्पश्चात वर्धा से राजस्थान केसरी नामक पत्र निकाला जो कि जनता में बहुत लोकप्रिय हो गया, लेकिन उनकी विचारधारा जमनालाल बजाज से मेल न खाई और वे वर्धा छोडकर अजमेर आ गए। जनता के नायक अपनी कोशिशों में धार लाने के लिए सन् 1920 में अजमेर में ही राजस्थान सेवा संघ की स्थापना की, ताकि लोगों से जुडाव और भी ज्यादा हो सके। देखते ही देखते इस संस्था ने पूरे प्रदेश में अपनी शाखाऐं प्रसारित कर ली, और कई जनआन्दोलन का नेतृत्व किया। आगे चलकर अजमेर से पथिक जी का एक नया पत्र नवीन राजस्थान प्रकाशित हुआ। दिनों-दिन पथिक जी के प्रयासों से आन्दोलनों एवं सत्याग्रहों के माध्यम से किसानों की समस्याओं ने खूब जोर पकडा, जिसमें देशी राजाओं की निरंकुशता पर अंकुश लगाने का उन्होने पुरजोर प्रयास किया।

## मूर्तिकार का सपना

एक मूर्तिकार ने एक रात विचित्र स्वप्न देखा। वह किसी छायादार पेड़ के नीचे बैठा था। अचानक उसे सामने एक पत्थर का टुकड़ा पड़ा दिखाई दिया। उसने उसे उठा लिया फिर उसे सामने रखा और औजारों के थैले से छेनी-हथौड़ी निकालकर उसे तराशने के लिए जैसे ही पहली चोट की, पत्थर जोर से चिल्ला पड़ा- मुझे मत मारो। दूसरी बार वह रोने लगा। मूर्तिकार ने उसे छोड़ दिया। फिर उसने अपनी पसंद का एक अन्य टुकड़ा उठाया और उसे तराशने लगा। वह टुकड़ा चुपचाप वार सहता गया और देखते ही देखते उसमें से एक एक देवी की मूर्ती उभर आई। मूर्ति वहीं पेड़ के नीचे रख वह आगे चला गया। फिर कुछ समय बाद वह उसी पुराने रास्ते से गुजरा। उस स्थान पर पहुंचकर उसने देखा कि उस मूर्ति की पूजा-अर्चना हो रही है, जो उसने बनाई थी। भीड़ लगी है, भजन आरती हो रही है, भक्तों की पंक्तियां लगी हैं। जब उसके दर्शन का समय आया, तो पास आकर उसने देखा कि उसकी बनाई मूर्ति के सामने न जाने क्या-क्या रखा है। जो पत्थर का पहला टुकड़ा उसने, उसके रोने चिल्लाने पर फेंक दिया था वह भी एक ओर पड़ा है और लोग उसके सिर पर नारियल फोड़ -फोड़ कर देवी की मूर्ति पर चढ़ा रहे है। तभी मूर्तिकार की नींद टूट गई। वह सपने के बारे में सोचने लगा। उसने निष्कर्ष निकाला कि जो लोग थोड़ा कष्ट झेल लेते हैं, उनका जीवन बन जाता है। विश्व उनका सत्कार करता है। पर जो डर जाते हैं और बचकर भागना चाहते हैं वे बाद में जीवन भर कष्ट झेलते हैं, उनका सत्कार कोई नहीं करता।

# कितनी उचित है यासिन मलिक को सजा?

के. विक्रम राव

स्वतंत्र कश्मीर के लिये मुजाहिद यासिन मलिक को कल (25 मई 2022) उम्रकैद हो गयी। अभियोजन के (सरकारी) वकील नील कमल ने फांसी की सजा मांगी थी। यासिन के वकील अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि गौर किया जाये कि यासिन ने 1994 से हिंसा तज दी थी। आरोपी ने कहा उसकी आस्था गांधीवादी हो गयी है। मगर जज प्रवीण सिंह ने टोका कि चौराचौरी की हिंसा के बाद बापू ने आंदोलन वापस ले लिया था। हिंसा की भर्त्सना की थी। यासिन ने ऐसा नहीं किया। लिहाजा आजीवन कारावास।

मगर यह सजा आंशिक है, केवल एक पक्ष में ही दी गयी है। यासिन के सहअभियुक्तों में डा. फारुख अब्दुल्ला, तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त आरवीएस पेरिशास्त्री, राजीव गांधी भी नामित होने चाहिये। कारण ? भारत सरकार की एक साजिशभरी हरकत ने इस भ्रमित भारतद्रोही (मगर कट्टर पाकिस्तान–विरोधी), प्रताप कालेज के स्नातक को आतंकवादी बना दिया। जम्मू–कश्मीर आजादी फ्रन्ट का सिरमौर बना दिया। हत्यारा बना दिया। कश्मीर घाटी में 1987 में राज्य विधानसभा का चुनाव था। एक पोलिंग बूथ पर यासिन तब मुस्लिम यूनाइटेड फ्रन्ट के प्रत्याशी मोहम्मद यूसुफ शाह का चुनाव एजेंट था। अमीर कदल विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी ने आधी रात के बाद यासिन को बताया कि उसकी पार्टी का प्रत्याशी काफी बढ़त बनाये है। सुबह तक वह विजयी घोषित हो जायेगा। अतः अब घर जायें। आराम करें। सरकारी तंत्र पर ?यकीन कर इक्कीस–वर्षीय यासिन घर चला गया। सुबह उसने अखबार में पढ़ा कि फारुख अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस का प्रतिद्वंदी विजयी घोषित हो गया। अंतिम चक्र की मतगणना में उसके वोट उसकी जमानत बचाने लायक भी पर्याप्त नहीं थे। जीत का तो सवाल ही नहीं था। विधानसभा में फारुख अब्दुल्ला तथा राजीव–कांग्रेस को बहुमत मिल गया।

मुझसे एक इन्टर्व्यू में (श्रीनगर 3 जनवरी 1991) को यासिन ने इस नाइंसाफी और फर्जीवाडा को सिलसिलेवार वर्णित कर बताया था। तब वह श्रीनगर में भारतीय वायुसेना के अधिकारियों की हत्या का अभियुक्त था। विशेष अनुमति पर सरकार ने फौजी हिरासत में यासिन से मुझे मिलाया था। मगर तबतक भारत के लोकतांत्रिक मतदान में उसकी आस्था नष्ट हो चुकी थी। प्रेस कांउसिल का सदस्य होने के कारण मैं ने अपने अध्यक्ष तथा सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज ने राजेन्द्र सिंह सरकारिया को यह घटना बतायी थी। इसके अलावा प्रेस कांउसिल की जांच समिति में मेरे सहसदस्य तथा सम्पादक पत्रकार बीजी वर्गीस को भी इस इन्टर्व्यू के बारे में बता दिया था। वर्गीस इंडियन एक्सप्रेस, हिन्दुस्तान टाइम्स तथा टाइम्स आफ इंडिया के संपादक रह चुके थे। विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार को भी इस बारे में पता था।

उसी दौर में वीपी सिंह सरकार के गृहमंत्री रहे मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबिया (महबूबा की अनुजा) का अपहरण हुआ था। पांच क्रूर आंतकवादियों की रिहाई के एवज में रुबिया मुक्त हुयी थी। नूरा कुश्ती के शक की सुई केन्द्रीय गृहमंत्री पर टिकी थी। अर्थात यासिन की बात वजनदार ही थी। भारत का सत्ता केन्द्र कश्मीरी आवाम को अब्दुल्ला–सल्तनत का गुलाम ही बनाये रखना चाहती थी। और इसीलिये यासिन ने हथियार उठा लिये, जो माओत्से तुंग ने पीड़ितों को सिखाया था। हिरासत में पूछा भी था मुझसे यासिन ने ः क्या विकल्प है हम पीड़ितों के लिये? मेरा सवाल था कब तक लड़ोगे? वह बोला आप अंग्रेजों से कब तक लड़ते रहे? समझाने की कोशिश में मैंने कहा ः गोरे लोग सात समुंदर दूर थे। हम तो पहाड़ के नीचे है। वह नहीं माना। यासिन बोला पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी जंग चलेगी। फिर मैंने जानना चाहा कि कश्मीर यदि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग हुआ था, तो आपके तीस करोड़ सहधर्मी भारत में किस आधार पर रह पायेंगे ? यासिन का उत्तर बड़ा स्पष्ट और साफ था कश्मीरियों का कोई भी वास्ता इन हिन्दुस्तानी मुसलमानों से नहीं है। हमारी लड़ाई जुदा है। आकर मैंने दिल्ली और लखनऊ में सबको बताया। मगर कोई भी मिल्लत का आदमी अथवा जमात ने यासिन को मजहब का वास्ता देकर समझाने की तनिक भी कोशिश नहीं की। यासिन मलिक त्रासद का शिकार रहा। अटल बिहारी वाजपेयी ने उसका पासपोर्ट जारी किया था। केन्द्रीय काबीना मंत्री जार्ज फर्नांडिस उससे मिले थे ताकि संवाद द्वारा समाधान निकले। सरदार मनमोहन सिंह ने यासिन को अपना राज्य अतिथि बनाया था। फिर बात क्यों नहीं बनी ? बेईमान मतदान प्रणाली जो जनमत से प्रवंचना करती है, वही एकमात्र कारण रही।

# मोदी की कथनी और करनी में गजब की समानता

### सूडोकु नवताल- 6085

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6084 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

सुरेश हिन्दुस्थानी



जब कोई व्यक्ति पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्म पथ पर अग्रसर होता है तो विश्व समुदाय उसका अनुगामी हो जाता है। इस दायरे में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रखा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। ऐसा लगता है कि स्वतंत्रता के पश्चात देश में ऐसी पहली सरकार बनी है, जिस पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, इसके विपरीत इसके पूर्ववर्ती सरकार के दामन पर भ्रष्टाचार के अनेक दाग लगे। भारत की जनता ने इस बात की उम्मीद ही छोड़ दी थी कि अब भारत में भ्रष्टाचार कभी समाप्त होगा, लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार ने इस धारणा को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी एक ऐसी बड़ी लकीर खींचने का अहर्निश साहस दिखा रहे हैं, जिसकी देश को दशकों से आवश्यकता थी। वर्षों तक विदेशों के समकक्ष दायित्व वालों के पीछे रहने वाला भारत आज उनके साथ गौरव के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। जो कहीं न कहीं भारत की शक्ति को प्रकट कर रहा है। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं पत्थर पर लकीर खींचता हूं, मक्खन पर नहीं। यह पंक्ति भले ही एक कहावत के तौर पर प्रचलित है, लेकिन इसके भावार्थ बहुत ही गहरे हैं। प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने जो कार्य किए हैं, वह आज मील के पत्थर के तौर पर स्थापित हुए हैं। वह चाहे तीन तलाक का मामला हो या फिर जम्मू-कश्मीर से धारा 370 के हटाने का मामला ही क्यों न हो, राजनीतिक दलों ने देश का जनमानस ऐसा बना दिया था कि इसके बारे में बात करने से भी पसीने छूट जाते थे। इतना ही नहीं जो राजनीतिक दल इसका राजनीतिक और आर्थिक लाभ उठा रहे थे, उन्होंने भी देश में इस प्रकार का डर का वातावरण पैदा किया कि धारा 370 को हटाने के बाद देश में गृह युद्ध के हालात पैदा हो सकते हैं, लेकिन यह केवल बातें ही सिद्ध हुईं। कौन नहीं जानता कि जम्मू कश्मीर में राजनीति करने वाले फारुक अबदुल्ला और मेहबूबा मुफ्ती ने किस प्रकार की भाषा बोली। उनकी वाणी से हमेशा यही प्रतीत होता था कि वह पाकिस्तान परस्त भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा था कि कश्मीर में तिरंगा उठाने वाला कोई नहीं मिलेगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि तिरंगा कोई सामान्य कपड़ा नहीं है, जिसको उठाने की आवश्यकता हो। तिरंगा तो इस देश की आन बान और शान का प्रतीक है। इसके बारे में इस प्रकार की धारणा रखना, निश्चित ही देश भाव के साथ मजाक ही है। इस प्रकार भाषा पाकिस्तान के किसी व्यक्ति द्वारा बोली जाती तो समझ में आता है, लेकिन हमारे भारत के मुकुटमणि के बारे में ऐसा बोलना निश्चित ही देशद्रोहिता ही कही जाएगी। अब जम्मू कश्मीर में सुखद बयाी की अनुभूति कराने वाला दृश्य एपस्थित हो रहा है। जो मोदी सरकार की एक बड़ी लकीर के रूप में प्रमाणित हो रहा है।

इसी प्रकार लम्बे समय से निर्णय की प्रतीक्षा करते हुए राम मंदिर का मामला भी मोदी जी के कार्यकाल में सुखद परिणाम देने वाला रहा। वास्तविकता में इस मामले का हल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निकाला गया, लेकिन इसका श्रेय मोदी सरकार के कार्यकाल को ही दिया जा सकता है। यह सारे मामले वास्तव में पत्थर पर लकीर खींचने जैसे ही कहे जा सकते हैं। इसी कारण देश की जनता उनके इन साहसिक निर्णयों के साथ जुड़ती जा रही है। जबकि विपक्षी राजनीतिक दलों की कार्य संस्कृति के चलते जनता इतनी दूर हो गई है कि उनको अपने भविष्य को बचाने के लिए राजनीतिक चिंतन और मंथन की आवश्यकता होने लगी है। हम जानते हैं कि अभी हाल ही में कांग्रेस ने सत्ता पाने की चाह में राजस्थान के उदयपुर में चिंतन किया, जो वास्तव में ढाक के तीन पात वाला ही सिद्ध हुआ। यह वास्तविकता ही है कि कांग्रेस ने जिस प्रकार से मुस्लिम और ईसाई तुष्टिकरण का कार्य किया, उसके कारण निश्चित ही देश का राष्ट्रीय भाव के साथ विचार करने वाला बहुसंख्यक समाज उससे दूर होता चला गया।

## माँ



मेरी माँ मुझसे जुदा नहीं है
वो यहाँ है, वो वहाँ है, वो कहाँ नहीं है

दुआ में वो, आशीष में वो
संघर्ष में वो, ख्वाहिश में वो
माँ ने हर एक को जन्म दिया
कौन है, जिसकी माँ नहीं है

धड़कन में वो, है साँस में वो
वजूद में वो, एहसास में वो
वो रूह में, वो जान में
है ऐसी कौन सी जगह वो जहाँ नहीं है

संस्कार में वो है प्यार में वो
विचार में वो व्यव्हार में वो
कौन है ऐसा दुनिया में
जिसकी माँ ने उसे चाहा नहीं है

है सुकूँ में वो राहत में वो
है फ़र्ज़ में वो चाहत में वो
कब अपने बच्चों की ख़ातिर
माँ ने अपना जीवन दिया नहीं है

अपनी माँ के संग,धरती माँ का भी ध्यान हमें अब रखना होगा
प्रकृति भी है माता हमारी,ईसके संग संग चलना होगा
इस दुनिया में, इस पृथ्वी पर हर स्त्री है माँ का रूप
कौन है वो नारी, जिसके दिल में ममता नहीं है

# देश के अच्छे प्रांतो में मध्यप्रदेश भी एक है : नरेन्द्र तोमर

### प्रदेश सरकार ने नक्सली क्षेत्र सहित डकैतों का सफाया कर कानून व्यवस्था की अनूठी पहचान बनाई हैः गृह मंत्री

**मुरैना।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि देश के अच्छे प्रांतो में से मध्यप्रदेश भी एक अच्छा प्रांत है। यहां अन्य प्रदेशों की तुलना में कानून व्यवस्था बेहतर है। लोगों को बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ यहां आपसी भाईचारा सौहार्द की पंरपरा हर क्षेत्र में विद्यवान है। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 13 वर्षो में नक्सली क्षेत्र सहित डकैतों का सफाया कर प्रदेश में कानून व्यवस्था अमन शान्ति कायम की है। प्रदेश सरकार ने सिम्मी का नेटवर्क ध्वस्त किया है। अब यहां अपराधी अपराध करने से पहले सोचता है। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा 5वीं बटालियन परिसर में पुलिस जवानों के लिये 22 करोड़ 87 लाख 36 हजार रूपये की लागत से बनाये गये 208 डुप्लेक्स आवासों का लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, अध्यक्षता प्रदेश के गृह एवं विधि विधायी मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष गिर्राज डंडोतिया, जौरा विधायक सूवेदार सिंह रजौधा, अम्बाह विधायक कमलेश जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मुंशी लाल, रूस्तम सिंह, चंबल रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजेश चावला, अतिरिक्त पुलिस महानिर्देशक एवं ओसडी गृह मंत्री अशोक अवस्थी, ग्वालियर जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, 5वीं बटालियन के सहायक सेनानी भागीरथ आर्य, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पुलिस बल एवं बड़ी संख्या में शहरी नागरिक मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने पुलिस आवासीय परिसर के लोकार्पण पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये कहा कि पुलिस जवानों एवं अधिकारियों को अब नई आवासीय सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य में पुलिस बल का महत्व रहता है। पुलिस जवानों की विषम परिस्थितियों को देखते हुये अपने जवानों को बेहतर सुख सुविधायें कैसे दें। उसी का यह हिस्सा आवासीय परिसर है, यह आवास मुरैना सहित श्योपुर, ग्वालियर जिले में भी बड़ी संख्या में बनाये गये है। आगे भी पुलिस जवानों को उनकी बेहतर सुविधा बनाने के लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा लगातार काम कर रहें है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पिछले 13 वर्षो में प्रदेश में अमन शान्ति कायम रखने के लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कई काम हुये है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नक्सली क्षेत्र के साथ-साथ डकैतों का आतंक पूरी तरह से समाप्त किया है। आज पूरे प्रदेश में एक भी गैंग नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सिम्मी के नेटवर्क को ध्वस्त किया है। अपराधी अपराध करने से पहले सोचता है। कई नामी अपराधी एनकाउंटर में मारे गये है। प्रदेश में अमन शान्ति कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये लगातार बदलाव का चरण चल रहा है। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण में डीआरपी लाइन परिसर में 208 आवासों का निर्माण पूर्ण कर आज इनका लोकार्पण होने जा रहा है। यह आवास सभी सुविधा से परिपूर्ण है। यह सुविधा हमारे पुलिस कर्मियों को आज से मिलेगी। इसके अलावा 103.51 लाख रूपये की लागत से जिले में सिविल लाइन, महिला थाना, पोरसा, जौरा, पहाडगढ, कैलारस, माता बसैया सहित अन्य थानों के शानदार भवनों का निर्माण किया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने स्वागत भाषण देते हुये कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस आवासा एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा आवास गृहों तथा थाना भवनों को एक आदर्श के रूप में बनाने का पूर्ण प्रयास किया है। इससे यहां रहने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छ सुंदर एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण मिल सकेगा। इससे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी जनहित के कार्य को और अधिक दक्षता के साथ कर सकेंगे।

## बाइक पर बैठे लड़कों ने ग्रामीण की जेब से उड़ाए 10 हजार

**मुरैना।** सिटी कोतवाली अंतर्गत शनिवार की दोपहर जीवाजी गंज का पता पूछने पर दो लड़के बाइक पर बैठ गए और रास्ते में बाइक सवार की जेब से 10 हजार रुपए गायब कर दिए तथा रफूचक्कर हो गए। जब बाइक सवार ने जेब खंगाली तो रुपए गायब थे। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर बालिस्टर पुत्र रामरतन सिंह गुर्जर 50 निवासी रामरतन का पुरा गाँव से मुरैना बाजार किसी को 10 हजार रुपए देने के लिए आए थे। जनपद पंचायत के बाहर रोड पर खड़े दो लड़कों से फरियादी ने जीवाजी गंज की पुलिया का पता पूछा तो लड़कों ने कहा कि थोड़ा और आगे चले जाओ, लेकिन फरियादी ने सहूलियत की वजह से दोनों बालकों को बाइक पर बैठा लिया, ताकि आसानी से जीवाजी गंज की पुलिया पर पहुंच सके। इसी का फायदा उठाते हुए दोनों लड़कों ने जेब से 10 हजार रुपए गायब कर दिए तथा फरियादी को पता भी नहीं चला। गंज की पुलिया पर आने के बाद लड़के गायब हो गए और फरियादी ने जब अपनी जेब खंगाली तो रुपए गायब थे। लड़कों को काफी तलाश किया, लेकिन नहीं मिले तथा थक हारकर फरियादी ने कोतवाली में जाकर आवेदन दिया है।



## लघु उद्योग भारती द्वारा स्वरोजगार पर कार्यशाला आयोजित

**मुरैना।** लघु उद्योग भारती मुरैना इकाई के तत्वधान में शुक्रवार को जीवाजी गंज स्थित टैली वर्ल्ड कंप्यूटर सेंटर पर युवाओं के लिए स्वरोजगार से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शासन द्वारा युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के संबंध में योजनाओं के बारे में महवपूर्ण जानकारियां उद्योग विभाग मुरैना के महाप्रबंधक अरविंद विश्वरूप द्वारा साझा की गईं। अरविंद विश्वरूप ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला कौशल विकास समन्वयक कृष्ण कुमार समदडिया द्वारा भी युवाओं को खुद का रोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। लघु उद्योग भारती के सदस्य व मुरैना जिले के प्रतिष्ठित सीए प्रकाश अग्रवाल द्वारा युवाओं को रोजगार पाने से ज्यादा रोजगार देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# महिला को लेकर भागा रिक्शावाला, रास्ते में जेवर व नगदी कर दिए गायब

### महाराजपुर से मुंद्राबजा के लिए बेरियल बस स्टैंड जाना था पीडित को


**मुरैना।** शनिवार की दोपहर महाराजपुर से बैरियर बस स्टैंड के लिए बैठी महिला को ही रिक्शावाला जबरन भगा ले गया और रास्ते में उसके बैग से सोने चांदी के जेवर एवं नकदी रुपए गायब कर दिए। पीछे से पति पहुंचा तो सामान उतारने के बाद रिक्शावाला भाग निकला। पीड़ित फरियादी ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप सविता अपनी पत्नी वर्षा सविता के साथ शनिवार की दोपहर 1 बजे उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से मुरैना पहुंचा। यहां आकर उसने अपनी ससुराल उत्तमपुरा ताजपुर फोन कर मोटरसाइकिल बुला ली तथा पत्नी को एक रिक्शा में महाराजपुर रोड बिजली घर के लिए भेज दिया। इस दौरान पति दिलीप बाइक से पीछे-पीछे महाराजपुर अपनी बहन के यहां पहुंचा तथा ई रिक्शा वाले से उसका मोबाइल नंबर लिया था कि फिर से जाने के लिए बुला सके। दोपहर 2:30 बजे के लगभग दिलीप ने ई-रिक्शा वाले युवक को उसके मोबाइल नंबर 7470 420724 पर फोन कर बुलाया और कहा कि उन्हें बेरियल बस स्टैंड जाना है, जहां से वह मुंद्राबजा जाएंगे। महाराजपुर रोड पर बहन के घर से दिलीप ने अपनी पत्नी को सामान सहित रिक्शे में बिठा दिया और तभी रिक्शावाला जल्दी-जल्दी करने लगा तथा कहने लगा कि उसके दोस्त बैरियर पर इंतजार कर रहे हैं, उनसे मिलना है तथा उसने दिलीप की एक ना सुनते हुए उसकी पत्नी को सामान सहित भगा ले गया। पीछे से दिलीप बाइक पर अपनी बेटी के साथ भागा और उसे बैरियर से पहले रोक लिया। आनन-फानन में पत्नी और सामान को तो उतार लिया, लेकिन वहां बैग चेक नहीं किए। जब घर आकर देखा तो बैग से तीन तोला सोना, आधा किलो चांदी एवं नगदी 5 हजार रुपए नगदी गायब मिले। काफी तलाशने के बाद रिक्शावाला नहीं मिला तो दिलीप ने आवेदन सिटी कोतवाली पुलिस को दे दिया, लेकिन अभी तक पीड़ित को कोई आश्वासन नहीं मिल पाया है।



## नगरीय निकाय चुनावों में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को दी जाएगी प्राथमिकताः अखिलेश शर्मा

**अंबाह।** नगरपालिका चुनावों को लेकर भाजपा शहर मंडल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओ की मीटिंग स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष अखिलेश शर्मा कल्ला ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर नगरपालिका में इस बार भाजपा का बोर्ड बनाना है इसके लिए हम सभी को जी जान से मेहनत कर भाजपा का परचम लहराना है। श्री शर्मा ने कहा कि चुनावों में टिकट वितरण में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी और निष्पक्षता से टिकट दिया जाएगा, हमारा उम्मीवार सिर्फ कमल का फूल होगा, जिसे विजय बनाने के लिए हमें अभी से मेहनत करना है। महामंत्री उमेश जैन ने कहा कि सभी वार्डो का सर्वे करके जीतने योग्य प्रत्याशियों को टिकट दिए जाएंगे। हम सभी को एकजुट होकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों से आम जनता को अवगत कराना है। इसके साथ ही जो लोग सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन सभी को लाभ दिलाना है। बैठक में नगर पालिका चुनाव से संबंधित कार्य करने के निर्देश भी सभी कार्यकर्ताओं को दिए गए। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष अखिलेश शर्मा कल्ला, महामंत्री उमेश जैन, चुनाव प्रभारी बच्चू लाल गुप्ता, गजेंद्र सिंह तोमर, जिनेश जैन, खुशीलाल श्रीवास, गिर्राज चौधरी, साधु राठौर, श्रीमती कंचन चौहान, कविंद्र सिंह तोमर, दाऊ दयाल शर्मा, खेम सिंह भदोरिया, श्रीमती किशोरी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।





## स्कॉर्पियो चालक ने बुलेट को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**मुरैना।** कैलारस थाना क्षेत्र के चौ फरहा गांव के पास मोड़ पर तेज गति से आ रही स्कार्पियो गाड़ी के चालक ने बुलेट में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई तथा बुलेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर जल गई। कैलारस पुलिस ने स्कार्पियो चालक के विरुद्ध दुर्घटना हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रमेश लोहपीटा ने पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह 11 बजे एक बाइक पर कमल तथा दूसरी बाइक पर डोंगर लोहपीटा तथा एक बुलेट गाड़ी पर पीतम पुत्र रमेश एवं जितेंद्र लोहपीटा सवार होकर सबलगढ़ में भैंस एवं पढ़ा के व्यापार हेतु जा रहे थे, जैसे ही उनकी बुलेट कैलारस के चौफरा मोड़ पर पहुंची तो सामने से तेज गति से आ रही स्कार्पियो गाड़ी क्रमांक एमपी 06 बीए 0899 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बुलेट में जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे पीतम एवं जितेंद्र दूर जाकर गिरे और उनकी चोट लगने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पीछे दूसरी बाइकों पर चल रहे कमल आदि ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैलारस पुलिस ने रमेश की रिपोर्ट पर से वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। घटना के दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी खंती में गिर गई लेकिन चालक मौके से फरार हो गया।



# कैलारस में 4 वर्ष पूर्व खुला सरकारी महाविद्यालय छात्र एवं पालक अनजान

### सरकारी से दुगनी फीस वसूल करते हैं प्राइवेट कॉलेज

कैलारस। कैलारस में एक मात्र सरकारी कॉलेज है, लेकिन छात्र एवं पालकों को नहीं पता कि नगर में सरकारी महाविद्यालय संचालित है और इस कारण गरीब पालकों को मजबूर होकर अपने बच्चों की पढ़ाई प्राइवेट कालेजों से करवानी पड़ रही है। ज्यादातर प्राइवेट कॉलेज संचालक उन्हें लूटने में लगे हुए हैं, इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीएससी जहां प्राइवेट कॉलेज में 15 हजार रुपए में कराई जाती है वहीं सरकारी में मात्र 5 हजार रुपए में हो जाती है। प्रचार प्रसार का अभाव होने के कारण नगर के लोगों को सरकारी महाविद्यालय खुले होने की जानकारी ही नहीं है। वर्तमान में कैलारस नगर में 4 प्राइवेट कॉलेज संचालित है, जिनमें छात्रों की भरमार है और उनके द्वारा छात्रों के पालको को जमकर लूटा जा रहा है।कैलारस में सरकारी कॉलेज 4 वर्ष पहले का खुला है, पर छात्रों ओर उनके पालको को आज तक नही पता कि कैलारस में सरकारी कॉलेज शासकीय हाई स्कूल की बिल्डिंग में संचालित है, जिसका लोगों को पता नहीं है। इसके चलते छात्र अपनी पढाई के लिए प्रायवेट कॉलेज में फॉर्म भर देते है और ज्यादा पैसे देने को मजबूर होते हैं। सरकारी कॉलेज प्रबंधन अगर होडिंग बेनर, दीवाल पेंटिंग से प्रचार-प्रसार करवा देते तो गॉव के गरीब छात्रों को पता चल जाता और उनकी कम फीस में पढाई पूरी हो जाती। कैलारस मैं संचालित प्रायवेट कॉलेज संचालकों की मनमानी के चलते छात्र और पालक परेशान हो रहे हैं तथा कैलारस में सरकारी कॉलेज होने बाद भी लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकारी कॉलेज में बीएससी बायलॉजी, मैथ, कम्पूयटर तीनो विषय से हो सकती है और बीए का फायदा भी बच्चों मिल सकता है। पिछले वर्ष सरकारी कॉलेज में 321 छात्र थे, जब कि इस वर्ष अभी तक एक भी एडमिशन नहीं हुआ है। इसका मुख्य कारण यह है कि कॉलेज में टोटल 14 लोगों का स्टाफ है, जिसमें 12 अतिथि प्रोफेसर है जो ग्वालियर ओर भोपाल से है। 2 लोगों का स्टॉफ है जो मुरैना से अप डाउन करता है, कैलारस में एक भी स्टॉफ का कर्मचारी निवास नहीं करता है। इसके चलते कॉलेज भी समय पर न खुलकर मनमाने तरीके से खोला जाता है। कॉलेज में कम्पूयटर ऑपरेटर नहीं है तथा कॉलेज का ज्यादातर कागज वर्क बाहर की दुकानों पर करवाना पड़ता हैं। कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर यहां के जागरूक लोगों ने मीडिया के लोगों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को की है परंतु कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो पाई है। नगर में रहने वाली छात्रा हेमा गुप्ता, अंजली धाकड़, सपना जाटव ने बताया कि हम कॉलेज जाते है।



# श्री श्री 1008 स्वामी केशवानंद महाराज राजपुरा मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

## सरल कथा प्रवक्ता देवी ममता किशोरी दीदी के सानिध्य में कलश यात्रा में महिलाओं का उमड़ा जनसैलाब

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से जीवन के संकट दूर हो जाते हैं : ममता किशोरी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अटेर (भिण्ड)।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पीपरी मंडल के श्री श्री 1008 स्वामी केशवानंद महाराज एवं समस्त लोधी समाज द्वारा रजपुरा धाम में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ किया गया जिसमें सर्व समाज की मातृशक्ति ने यात्रा में शामिल होकर पीले वस्त्र धारण कर श्रीमद् भागवत कथा का स्मरण करने के लिए राधे राधे की धुन के साथ प्रारंभ हुई और परीक्षक मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया श्रीमती माया नरवरिया ने अपने परिवार और समाज के साथ कलश यात्रा पर श्रीमद् भागवत कथा की पोती रखकर शामिल हुए और वहीं रस कथा प्रवक्ता देवी ममता किशोरी दीदी ने श्रीमद् भागवत कथा का संपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा एक भवसागर है सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को कथा का स्मरण कराते हुए उनको ज्ञान और सर बुद्धि के साथ आगे बढ़ने के लिए संदेश दिया हम सभी इस कथा का स्मरण करेंगे कथा में जो व्यक्ति कथा में सच्चे भाव से स्वर्ण करेगा भगवान उसी के हृदय में स्थापित होंगे द्य राजपुरा धाम में चलने वाली



श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन गणेश पूजन और कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया । जगह-जगह सर्व समाज के लोगों ने स्वागत किया और मंगलदीप गाती हुई आगे बढ़ी यात्रा

में सरल कथावाचक देवी ममता किशोरी दीदी जी का बी तिलक और पूजन किया गया । 28 मई को कथा का विश्राम 3 जून को पूर्णाहुति और 4 जून को विशाल भंडारा का कार्यक्रम के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया जाएगा द्य

रजपुरा धाम में मंदिर विकास कार्य को गति प्रदान करने के लिए निर्माण कार्य एवं आवासीय विद्यालय के नवीन निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी किया गया । अटेर क्षेत्र में लोधी समाज का एक विशाल धार्मिक स्थान है जहां हजारों समाज के लोग एकत्रित होकर श्री श्री 1008 महाराज केशवानंद के साधन में विशाल मेला भी आयोजित किया जाता है द्य

सरल कथा प्रवक्ता देवी ममता किशोरी जी ने अपनी अमृतवाणी के साथ श्रीमद् भागवत कथा का स्मरण कराते हुए कहा की भागवत सुनने से जीवन संकट दूर हो जाते हैं और मानव की मुक्ति का माध्यम है भागवत कथा मनुष्य को अवश्य कराना चाहिए उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा महापुराण कथा मानव की मुक्ति का मार्ग प्रस्तुत करती है और कथा भगवान का स्वरूप है इसे हमें श्रद्धा पूर्वक अवश्य सुनना चाहिए ताकि जीवन के सभी संकट दूर हो गए उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का हृदय बड़ा व्यापक था और बाल कृष्ण लीलाएं के माध्यम से उन्होंने अर्जुन को भी गीता पढ़ने के लिए मार्ग पर शुद्ध किया द्य

श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर कलश यात्रा से लेकर के और श्रीमद् भागवत कथा का रहस्य आनंद प्राप्त किया भारी संख्या में लोग ट्रैक्टर और ट्रॉली ओं से दो पहिया वाहनों के साथ मातृशक्ति पीले वस्त्र और सिर पर कलश धारण करती हुई मंगलदीप जैसे गीत गाती हुई यात्रा में शामिल हुई द्य और परीक्षक परिवार और सभी आयोजक समिति के पदाधिकारियों ने श्रीमद् भागवत कथा की आरती की और प्रवक्ता देवी ममता किशोरी दीदी का आशीर्वाद प्राप्त कर उनका अभिवादन भी किया।

## आंगनवाड़ी केंद्र को समाजसेवी द्वारा पंखा भेंट किया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आगनवाड़ी केंद्र 36/1परचौधरी रुप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति भिंड द्वारा पंखा भेंट किया गया साथ ही बच्चियों को यूनिसेफ द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया उन्हे उम्र के बढ़ते क्रम में केसे सजग रहकर अपने स्वास्थ्य को केसे बेहतर रखें जिससे संक्रमित बीमारियों बचा जा सके प्रोग्राम में समाजसेवी सुनील दुबे, बाल कल्याण समिति, आगनवाड़ी पर्वेक्छक श्रीमती सरोज सोनी,कार्यकर्ता श्रीमती रेखा श्रीवास्तव,यूनिसेफ से शैलेंद्र परिहार ,आगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायकाओ के अलावा बच्चियों ने सहभागिता सुनिश्चित की।

## हॉकी फीडर सेंटर चयन ट्रायल में एक सैकड़ा बालक-बालिकाओं ने लिया भाग



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में हॉकी खेल को बढ़ावा दिये जाने हेतु हॉकी फीडर सेंटर स्थापित कर संचालित की जा रही है। जिले में संचालित हॉकी फीडर सेंटर की चयन ट्रायल आज शनिवार को प्रातः 7 बजे से श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर शिवपुरी में निर्मित हॉकी एस्टोटर्फ मैदान पर ली गई। चयन ट्रायल के दौरान हॉकी खेल में रूचि रखने वाले लगभग 1 सैकड़ा बालक/बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन ट्रायल के दौरान प्रथम चरण में खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट लिया गया, जिसमें खिलाड़ियों का हाईट वेट, 30मीटर, फ्लाईग स्टार्ट, स्टेंडिग बार्डजम्प, सिटअप, 600 मीटर रनिंग व बर्पि का लिया गया। उसके पश्चात् सायं काल को खिलाड़ियों का स्किल टेस्ट गठित समिति के सदस्यों ने लिया। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि हॉकी खेल में रूची रखने वाले बालक/बालिका खिलाड़ियों निर्धारित मापदण्डानुसार फिजिकल एवं स्किल टेस्ट लिया गया, जिसमें सभी टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की मेरिट सूची के आधार पर हॉकी फीडर सेंटर हेतु चयन किया जाएगा।

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक जिला पंचायत शिवपुरी के सभागार में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गतदिवस संपन्न हुई। बैठक में पशुपालन विभाग, पीएम स्वनिधि, उद्यम क्रांति सहित अन्य योजनाओं के विगत वर्ष के लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा की गई।

बैठक में वर्ष 2020-21 की तुलना में वर्ष 2021-22 में प्रगति होने पर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा बैंकर्स तथा विभागीय अधिकारियों इसी प्रकार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु सभी शासकीय योजनाओं में मासिक लक्ष्य निर्धारित कर उन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सभी बैंकर्स को निर्देशित किया गया।बैठक में विभागीय अधिकारियों तथा बैंक के मध्य ऋण स्वीकृति में आ रही कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आपसी सामंजस स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से सहायक महाप्रबंधक श्रीमती माला शर्मा जिला पंचायत सीईओ श्री उमराव सिंह, एसआरएलएन से श्री भार्गव, पशुपालन विभाग से डॉ.तमोली, लीड बैंक प्रबंधक सतीश चंद्र व्यास, वित्तीय साक्षरता सलाहकार महेश कुमार शर्मा तथा सभी विभागीय अधिकारी एवं शिवपुरी जिले में स्थित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक आदि की उपस्थिति रही।

## बाल प्रतिभाओं का नृत्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर –** मार्केट स्थित नाट्यम कुसुमांजलि द्वारा बेंगलुरु रविंद्र कालाक्षेत्र में बाल प्रतिभाओं का नृत्य कार्यक्रम का आयोजित हुआ। जिसमें आयोजित नृत्य उत्सव कार्यक्रम में बाल प्रतिभाओं के साथ पोज देते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने बाल प्रतिभाओं को धन्यवाद दिया ।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने भाग लिया ।

## शराब, सैनैटाइजर पीने वाले युवक की सदिंग्ध मौत

**भोपाल।** नये शहर के शाहपुरा थाना इलाके मे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने की घटना समाने आई है। बताया गया है कि मृतक युवक को शराब और सेनेटाइजर पीने की लत थी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलाके के ईश्वर नगर में रहने वाला 31 वर्षीय राहुल पिता प्रताप सिंह राजपूत मेहनत मजदूरी करता था। ओर उसे शराब और सेनेटाइजर पीने की लत थी। दो दिन पहले उसकी अचानक तबीयत खराब होने पर परिवार वालो ने से उपचार के लिये निजी अस्पताल मे लेकर गये थे। जहां इलाज कराने के बाद उसकी हालत मे सुधार होने पर परिजन उसे घर ले आए थे। परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि अस्पताल से आने के बाद अगली रात राहुल ने नशे के लिये एक बार फिर सेनेटाइजर पी लिया था। इससे अलसुबहह उसकी तबीयत एक बार फिर खराब होने लगी। परिवार वालो ने उसे हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही राहुल को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौप दिया। शुरुआती जॉच के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि युवक की मौत सैनैटाइजर पीने के कारण हुई होगी। हालांकि मौत के सही कारणो का खुलासा पीएम रिर्पोट आने के बाद ही होगा, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

## मंत्री भूपेंद्र सिंह बोले- जुलाई में होगा नगरीय निकाय चुनाव

**भोपाल।** मप्र में पंचायत चुनाव के बाद जुलाई महीने में नगरीय निकाय चुनाव भी करा लिए जाएंगे। वहीं अगस्त महीने के पहले सप्ताह में चुनाव का निर्णय भी आ जाएगा। ये दावा नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने किया है। नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अगस्त के पहले सप्ताह में निकाय चुनाव संपन्न हो जाएंगे। जुलाई में नगरीय निकाय चुनाव होंगे। वहीं अगस्त फस्ट वीक तक निकाय चुनाव संपन्न कराने के बाद निर्णय भी जारी कर दिया जाएगा। वहीं पंचायत चुनाव में ओबीसी वर्ग को आरक्षण में धोखा देने के आरोप पर नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर पलटवार किया है। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 5 बार हाईकोर्ट गई। इसके बाद फिर सुप्रीम कोर्ट गई। लिहाजा सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण शून्य कर दिया था। मप्र पहला राज्य है, जहां ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव हो रहे हैं। महाराष्ट्र में बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस ने तो आरक्षण ही खत्म कर दिया था।

## हमे न्याय नही मिला तो 30 मई के वाद आयोजित होगा महाआंदोलन

### कबीर पंथ के लोगो का छटवे दिन धरना जारी रहा, हमारी धार्मिक भावनाओं की हत्या, समस्त सद गुरू कबीर साहेव के अनुयाइयों में भारी रोष ब्यापत होता जा रहा है,

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**कबीर साहेव के अनुयाइयों का कहना है, की, जिला शिवपुरी द्वारा ग्राम बांमोर कला तहसील खनियाधाना पर श्रीमान एस डी एम महोदय श्री जे पी गुप्ता जी द्वारा कबीर आश्राम बामोरकला पर बगैर सूचना नोटिस दिए, पुलिस प्रसासन राजस्व निरीक्षक द्वारा तस्वीर को फेक दिया आश्राम में ताला डाल दिया,खोड़ मंडल अध्यक्ष आनन्द कोली एवं समाज के ब्यक्तियों द्वारा बताया गया कि हम लोगो को ग्राम पंचायत की अनुमति थी,जबकि कुछ लोगो की वातो में आकर, गलत तरीके से,हम लोगो के ऊपर कार्यवाही की है, एस डी एम श्री गुप्ता जी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए,कहा कि विशेष वर्ग के लोगो को संरक्षण दे रहे हैं, हम लोगो को प्रताणित कर रहे हैं, श्रीमान जिलाधीश महोदय शिबपुरी को जानकारी दी जा चुकी हैं कि सजंय कबीर ,कमल किशन ने कहा कि सरकार हमारे धैर्य की परीक्षा न ले,यदि 30 मई तक हमारी मांगो पर उचित निर्णय नही होता है, तो हमको आंदोलन का बड़ा कदम उठाना पड़ेगा,एस डी एम पिछोर एव दोषी अधिकारियों को निलंबित कर,एफ आई आर दर्ज कार्यवाही की जावे, एवं प्रसासन सम्मान पूर्वक श्री सदगरू कबीर साहेव की की मूर्ति स्थापित करे, यदि कार्यवाही नही होती है, तो पूरे मध्यप्रदेश में आंदोलन होगा,ये हमारे आस्था की हत्या है, धरना में शामिल एवं समस्त तहसीलों के कबीरपंत कोली समाज भाई जिला शिवपुरी।



## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा : किसानों का पैसा खाने वाले बाहर नहीं घूम सकते, उन्हें भेजा जाएगा जेल

**ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इन दिनों जनता से भेंट मुलाकात के लिए बस्तर दौरे पर है। शुक्रवार को सीएम कांकेर जिले के दौरे पर रहे। मकड़ी में भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों को लेकर एक बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि किसानों का पैसा खाने वाले बाहर नहीं घूम सकते, उन्हें जेल भेजा जाएगा। किसानों से धोखाधड़ी किये जाने का मामला संज्ञान में आते ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

माकड़ी में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष एक किसान की शिकायत आयी थी। जिस पर उन्होंने अधिकारियों त्वरित कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस पर सभी किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया



गया है कि किसानों से धोखाधड़ी के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए ताकि ऐसे तत्वों को सबक सिखाया जा सके। उल्लेखनीय है कि माकड़ी में भेंट-मुलाकात के दौरान एक किसान ने सहायक कृषि विस्तार अधिकारी ए.के. टंडन के विरुद्ध शिकायत की थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि श्री टंडन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को फसल के उचित मूल्य के साथ ही उन्हें संरक्षण देना भी सरकार की प्राथमिकता में है ताकि खेती किसानी को आगे बढ़ाने में निरंतर मदद मिलती रहे।

भेंट-मुलाकात के दौरान उद्योग मंत्री कवासी लखमा, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, सांसद दीपक बैज, कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे।

## बिरसिंहपुर की 500 मेगावाट की इकाई ठप

### - अब सुधारने में लगेंगे तीन दिन, यूनिट में खराबी आने के कारण बिजली उत्पादन बंद हुआ

**भोपाल।** बिरसिंहपुर के संजय गांधी ताप विद्युत गृह में शनिवार की दोपहर 500 मेगावाट इकाई में बिजली उत्पादन ठप हो गया। दोपहर करीब 12.31 मिनट पर इस यूनिट में खराबी आने के कारण बिजली उत्पादन बंद हुआ। संजय गांधी ताप विद्युत गृह की 1340 कुल क्षमता में फिलहाल कुल पांच में तीन इकाई में ही 463 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है।

इस संबंध में मुख्य अभियंता संजय गांधी ताप विद्युत गृह व्हीके कैलासिया ने बताया कि बायलर ट्यूब लीकेज की वजह से इकाई को बंद किया गया है। इसके सुधार में कम से कम तीन दिन का वक्त लगेगा, तब तक इकाई बंद रहेगी। ज्ञात हो कि मानसून की आमद के साथ ही प्रदेश में बिजली की मांग भी पहले की तुलना में कम हुई है। ऐसे में बिजली इकाईयों से उत्पादित बिजली को बैंकिंग के लिए अधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। बिजली कंपनी रबी सीजन में आने वाली बिजली की मांग को पूरा करने के लिए अन्य प्रदेशों से बैंकिंग का इकरार कर रहा है ताकि जब प्रदेश को बिजली की जरुरत होगी तो उस प्रदेश से तय करार के मुताबिक बिजली वापस ली जा सके। फिलहाल छत्तीसगढ़, पंजाब और उप्र को बिजली दी जा थी। बिजली कंपनी ने करीब 1500-1800 मेगावाट के बीच बिजली की बैंकिंग करने की योजना बनाई है।

### बार-बार बायलर ट्यूब लीकेज

संजय गांधी ताप विद्युत गृह की इकाईयों के बार-बार ठप हो रही है। फरवरी 2022 में इस समस्या से तंग आकर ऊर्जा विभाग की तरफ से जांच दल भेजा गया था, जिसमें कई तरह की खामियों को चिन्हित किया गया था। इसी रिपोर्ट के आधार पर मुख्य अभियंता को ताप गृह से अलग किया गया था। अब फिर इस इकाई में वही समस्या आ गई है। साल 2021 से 2022 के बीच ताप गृह की 500 मेगावाट की इकाई को लेकर सबसे ज्यादा खराबी सामने आई है। करीब आठ बार बायलर ट्यूब लीकेज की समस्या आ चुकी है। ऐसा तब हुआ जबकि इसके रखरखाव में बीते सालों की तुलना में सबसे ज्यादा राशि खर्च की गई। सिर्फ यहीं नहीं इसे करीब 68 दिन तक इसी वजह बिजली उत्पादन को बंद रखा गया। एक बार तो 500 मेगावाट की पांच नंबर यूनिट के टरबाइन में तेज कंपन तक होने लगा।

**नई योजना की घोषणा और नए हितग्राहियों का चयन अब नहीं होगा**

# प्रदेश में 37 दिन प्रभावी रहेगी आचार संहिता

### मतदान से 48 घंटे पहले सभा, रैली पर रहेगी रोक

### पंचायत के अधीन कोई नियुक्त या स्थानांतरण नहीं होगा




**भोपाल।** पंचायत चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आचार संहिता प्रभावी हो गई। अब न तो कोई नई योजना की घोषणा सरकार कर पाएगी और न ही किसी योजना में नए हितग्राही का चयन होगा। पूर्व में स्वीकृत वे कार्य, जो प्रारंभ नहीं हुए हैं, उनमें काम शुरू नहीं किया जाएगा। पंचायत के अधीन नियुक्ति या स्थानांतरण भी प्रतिबंधित रहेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते ही सामान्य प्रशासन विभाग को अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों, शासकीय विभागों, पंचायत और उनके कर्मचारियों के लिए लागू आदर्श आचरण संहिता की प्रति भेज दी है। कहा कि आचार संहिता 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगी। इसका सख्ती से पालन कराया जाए। पंचायत क्षेत्र में किसी भी नए भवन के निर्माण या परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी प्रकार के व्यवसाय के लिए लायसेंस भी नहीं दिए जाएंगे पर नवीनीकरण की अनुमति रहेगी। किसी संगठन या संस्था को कार्यक्रम के लिए सहायता या अनुदान नहीं दिया जाएग। पंचायतों के माध्यम से क्रियान्वित किए जाने परिवार, समूह या व्यक्तिमूलक आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के तहत नए हितग्राहियों का चयन नहीं किया जा सकेगा। पूर्व से चल रहे कार्यों पर कोई रोक नहीं रहेगी और भुगतान भी होगा। मजदूर यदि कार्य की मांग करते हैं तो दस लाख रुपये तक के सामुदायिक कार्यों को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीकृति दे सकेंगे। यह भी तभी किया जाएगा, जब पूर्व से चल रहे कामों में मजदूरों को पर्याप्त अवसर न मिल रहा हो।

#### मंत्री-विधायक स्वेच्छानुदान नहीं कर सकेंगे स्वीकृत

निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक मंत्री, सांसद या विधायक, जहां चुनाव हैं, वहां स्वेच्छानुदान, विकास या जनसंपर्क राशि स्वीकृत नहीं कर सकेंगे और न ही इस संबंध में कोई आश्वासन देंगे। किसी योजना या जन उपयोगी सुविधाओं का शिलान्यास व उदघाटन भी नहीं होगा। सरकार द्वारा भी ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रचार होता हो। चुनाव क्षेत्र में मंत्री के दौरे को चुनावी माना जाएगा। इस दौरान वे शासकीय वाहन सहित अन्य सुविधाओं का उपयोग नहीं करेंगे।

#### चुनाव की शुचिता को प्रभाव करने वाले वादों से बचें

आदर्श आचार संहिता में यह भी कहा कि राजनीतिक दल और अभ्यर्थियों को घोषणा पत्र में ऐसे वादों को बचना चाहिए जो चुनाव की शुचिता को प्रभावित करे या निष्पक्ष मतदान में बाधक बने। साथ ही यह अपेक्षा की जाती है कि जो भी वादा करें, उसका औचित्य और उसकी पूर्ति के लिए वित्तीय साधन कैसे जुटाए जाएंगे, उसका उल्लेख किया जाना चाहिए।

# डीजीपी ने जिस थाने का किया था निरीक्षण अगले दिन उसी थाने का टीआई अर्जुन जायसवाल और होमगार्ड सैनिक 25 हजार की घूस लेते धराये

### बोलेरो चोरी की रिर्पोट लिखने के ऐवज मे मांगी थी 50 हजार की रिश्वत

**भोपाल।** राजधानी की लोकायुक्त टीम ने बडी कार्यवाही करते हुए सीहोर जिले के श्यामपुर थाने के टीआई ओर उसके सहयोगी होमगार्ड अजय मेवाडा को 25 हजार रुपए की घूस लेते थाना श्यामपुर में ही रंगे हाथों दबोचा है। आरोपियो ने श्यामपुर के रहने वाले फरियादी से उसका वाहन चोरी की रिर्पोट लिखने के ऐवज मे 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। गोरतलब है कि पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने श्यामपुर थाने का दो दिन पहले ही औचक निरीक्षण किया था। मिली जानकारी के अनुसार श्यामपुर जिला सीहोर मे रहने वाले भगीरथ जाटव ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त भोपाल को बीती 24 मई को लिखित शिकायत करते हुए बताया था की, उसकी बोलेरो कार चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट उन्होने थाना श्यामपुर में लिखवाने की कोशिश की। लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नही की गई। बाद मे थाना टीआई उप निरीक्षक अर्जुन जायसवाल ने फरियादी की रिपोर्ट न करते हुए भागीरथ जाटव को यह कहकर धमकाया कि गांजा की तस्करी करता है, और उसकी गाड़ी उड़ीसा में पकड़ी गयी थी। अब वो झूठी रिपोर्ट वह थाने में लिखवाना चाहता है। इसके बाद टीआई ने थाने में बिठा कर उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद थाना प्रभारी अर्जुन जायसवाल ने फरियादी से 50 हजार रुपये की डिमांड करते हुए कहा कि अगर उसने रकम नही दी तो वो उसे 420 के केस में फंसा देगा। उस समय तो भागीरथ रकम देने की हामी भरकर उसके चुगंल से निकला आया, ओर उसके बाद लोकायुक्त मे शिकायत कर दी। फरियादी की शिकायत कि शुरुआती जॉच कराने पर रिश्वत मांगने की बात सही पायी गयी। इसके बाद लोकायुक्त ने आरोपी को रगें हाथ दबोचने के लिये जाल बिछाया। योजना के मुताबिक लोकायुक्त टीम शुक्रवार देर रात श्यामपुर थाने पहुची उस दौरान थाना प्रभारी अर्जुन जायसवाल थाने में बैठे थे, पीछे होमगार्ड सैनिकों का बैरक है। होमगार्ड अजय मेवाड़ा उस समय बैरक में मौजूद था। फरियादी भागीरथ ने टीआई जायसवान से पैसै देने के लिये मुलाकात की। इसपर टीआई ने उसे रिश्वत की रकम होमगार्ड अजय मेवाड़ा को देने की बात कही। इसके बाद अजय मेवाड़ा ने रिश्वत की रकम ले ली। थोड़ी देर बाद थाना प्रभारी ओर होमगार्ड मेवाड़ा आपस में मिले उसी समय लोकायुक्त टीम ने धावा बोला ओर दोनों को रिश्वत की रकम के साथ दबोच लिया। आरोपियो के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत

## फरारी के दौरान शहर से बाहर रहकर चला रहा था सट्टे का कारोबार

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच टीम ने पुराने शहर के कुख्यात सटोरिये भैय्या कचरे के अड्डे पर तीन दिनो के भीतर ही दूसरी बार दबिश देकर आधा दर्जन आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके पास से हजारो की नगदी सहित लाखो का हिसाब किताब बरामद किया है। गोरतलब है कि पूर्व मे की गई कार्यवाही के दौरान क्राइम ब्रांच ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर 15, हज़ार से अधिक की नगदी लाखों के हिसाब की सट्टा पर्ची जप्त की थी। उस समय मास्टरमांइड भैया कचरा मौके से फरार हो गया था। बीते दिन पुलिस को सूचना मिली थी, कि सरगना भैय्या कचरा भोपाल से बाहर भाग गया है, ओर शहर से बाहर रहकर ही सट्टे का संचालन कर रहा है, इसके बाद टीम ने दूसरी बार छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया। पुलिस टीम अब फरार सटोरिये की संपत्ति की जानकारी जुटाने की कवायद कर रही है, इसके बाद उसके गैर कानूनी ढंग से बनाई गई संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही की जायेगी। क्राइम ब्रांच अफसरो ने बताया कि बुधवार रात को टीम ने मुखबिर से मिली की सूचना के आधार पर टीला जमालपुरा स्थित इंदिरा नगर में सुलभ काम्पलेक्स के पीछे छापा मारते हुए कुख्यात सटोरिये भैया उर्फ कचरा के तीन साथियो को सट्टा बुक करते हुए गिरफ्तार कर उनके पास से 15 हजार से अधिक की नगदी सहित लाखो का हिसाब किताब बरामद किया था। इस कार्यवाही के दौरान भैया कचरा फरार हो गया था।

## उम्रदराज अफसरों के भरोसे सरकारी विभाग

### सरकारी विभागों में प्रथम श्रेणी संवर्ग के करीब 3 हजार पद खाली

**भोपाल।** राज्य की प्रशासनिक मशीनरी उम्रदराज अधिकारियों और कर्मचारियों के सहारे चल रही है। उम्रदराज अधिकारियों और कर्मचारियों के कारण योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर नहीं हो पा रहा है। जिसके आम जन को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उधर सरकार खाली पदों पर नई भर्ती नहीं कर रही है। प्रदेश के सरकारी विभागों में प्रथम श्रेणी संवर्ग के करीब 3 हजार पद खाली हैं। यह हैरानी की बात है कि युवाओं के इस प्रदेश में स्थिति यह है कि 44 विभागों में तो 30 साल तक की आयु का एक भी अधिकारी नहीं है, जबकि 9 विभागों में मात्र 115 ही अधिकारी कार्यरत हैं। वैसे सरकारी सेवाओं में महिलाओं का प्रतिशत पहले से बढ़कर 25 प्रतिशत हो गया है, जबकि पिछले साल इनका प्रतिशत 18 था।

### विभागों में वर्षों से भर्तियां नहीं

प्रदेश में सरकारी विभागों में वर्षों से भर्तियां नहीं होने के कारण प्रथम श्रेणी के करीब 3 हजार पद खाली हैं। सभी 57 विभागों में करीब 11 हजार पद स्वीकृत हैं, जिसके एवज में 7,732 ही अधिकारी कार्यरत हैं। उधर सभी संवर्गों में सबसे अधिकारी कर्मचारी स्कूल शिक्षा विभाग में 2 लाख 4 हजार 288 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो कि अन्य विभागों का 35 प्रतिशत है। विभागों में शासकीय नियमित अधिकारियों तथा कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है।

# छह बार फेल छात्र भी बनेंगे आयुष डॉक्टर

### एमपीएमएसयू ने जारी किया आदेश, 7 बार एग्जाम दे पाएंगे आयुष स्टूडेंट्स



भोपाल। मप्र में अब आयुष विधा से डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए अच्छी खबर है। किसी भी स्टेज में फेल होने वाले आयुष स्टूडेंट्स को पास होने के लिए सात मौके दिए जाएंगे। एनसीएसआईएम यानि नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन ने पांच महीने पहले ही यह आदेश जारी किए थे। लेकिन मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के अधिकारी इसे दबाए बैठे रहे। दो दिन पहले राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने आयुष छात्रों के साथ मिलकर जबलपुर संभागायुक्त बी.चंद्रशेखर से मिलकर इस आदेश की जानकारी दी तो उन्होंने मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी (एमपीएमएसयू) के एग्जाम कंट्रोलर पर नाराजगी जाहिर करते हुए तुरंत आदेश जारी करने को कहा। इसके बाद शुक्रवार को एमपीएमएसयू ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। हालांकि अभी भी सिर्फ क्करूस् छात्रों के लिए ही मेडिकल यूनिवर्सिटी ने आदेश जारी किया है। यूनानी और होम्योपैथी स्टूडेंट्स को लेकर अभी भी ऑर्डर नहीं निकला है।

केन्द्रीय आयुष मंत्रालय की संस्था एनसीएसआईएम (नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन) ने बीते 15 दिसंबर 2021 को आदेश जारी किया था। इस आदेश के मुताबिक आयुर्वेद के बीएएमएस, यूनानी के बीयूएमएस, सिद्धा के बीएसएमएस स्नातक जो छात्र डिग्री के दौरान तीन-चार बार प्रयास करने, यहां तक कि मर्सी अटेम्प्ट के बाद भी पास नहीं होते हैं, अब ऐसे छात्रों को परीक्षा में बैठने के तीन मौके और दिए जाएंगे, ताकि उन्हें पढ़ाई और कॉलेज बीच में

#### कोरोना संकट के चलते मिली छूट

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि एनसीएसआईएम ने यह छूट कोरोना संकट को देखते हुए दी गई है। उन्होंने बताया कि अब मर्सी अटेम्प्ट के 4 मौकों के साथ 3 अतिरिक्त अवसरों को मिलाकर कुल 7 बार आयुष (4) छात्र आयुर्वेद, यूनानी और सिद्धा स्नातक की परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

#### अभी गवर्नर की मंजूरी के बाद मिलता है मौका

राज्यपाल की मंजूरी के बाद मिलता है परीक्षा का एक मौका परीक्षा पास न कर पाने वाले आयुष छात्रों को अब तक मर्सी अटेण्ट सहित राज्यपाल की विशेष अनुमति पर परीक्षा के केवल चार मौके ही मिलते थे। अब सात बार परीक्षा देकर पास होने का मौका मिलेगा।

#### प्रायवेट कॉलेजों की मनमानी पर लगेगी रोक

प्रदेश के प्रायवेट आयुष कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे छात्रों को फेल होने के बाद बड़ा नुकसान होता है। प्रायवेट कॉलेजों के छात्रों से थर्ड ईयर में ही पांच साल की पूरी फीस के तौर पर नौ-दस लाख रूपए जमा करा ली जाती है। इस आदेश के बाद फेल हुए छात्रों को पास होने का मौका मिलेगा।

## 90 निजी संस्कृत विद्यालयों के 10 हजार विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक सहायता

**भोपाल।** प्रदेश के निजी आवासीय संस्कृत विद्यालयों के विद्यार्थियों के भोजन, गणवेश और कापी-किताब का खर्च सरकार उठाएगी। इसके लिए प्रदेश में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से संबद्धता प्राप्त गुरुकुल (आवासीय विद्यालय) को शासन की ओर से आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस संबंध में मप्र स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। पहली से पांचवीं तक के बच्चों को आर्थिक सहायता के लिए आठ हजार रुपये एवं छठवीं से 12वीं के विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये सालाना दिए जाएंगे। आदेश में यह भी लिखा है कि यदि कोई विद्यार्थी किसी कक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो वह उसी कक्षा में दोबारा पढ़ने के लिए आर्थिक सहायता के लिए पात्र नहीं होगा। प्रदेश में 90 निजी आवासीय संस्कृत विद्यालयों में करीब 10

## हत्यारों को दोषमुक्त करना खतरनाक, सिर्फ दलितों के मुकदमे वापस हों: माकपा



**भोपाल।** 2 अप्रैल 18 को हुई दलित विरोधी हिंसा में 6 दलितों सहित 7 लोगों की मौत के बाद हजारों निर्दोष दलित युवकों पर लगे झूठे मुकदमे वापस लेना तो समझ में आता है, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सहित दलित संगठन भी यह मांग करते रहे हैं, मगर हत्यारों के मुकदमे वापस लेकर भाजपा और शिवराज सिंह चौहान सरकार ने बता दिया है कि वह सामंती तत्वों के साथ है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने उक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न विरोधी कानून को निष्प्रभावी बनाने की साजिशों के खिलाफ हुए भारत बंद में पूरे देश में11 दलितों की हत्याएं हुई थी। यह सब उन्हीं राज्यों में हुई यहाँ भाजपा की सरकारें हैं। इसमें भी 7 हत्याएं सिर्फ भिंड मुरैना ग्वालियर में हुई थी। उन हत्याओं में प्रशासन पूरी तरह सामन्ती तत्वों के साथ था। मृतकों के परिजनों को न तो मृतकों की लाश सौंपी गई थी और रात के अंधेरे में ही उसे जबर्दस्ती जला दिया गया था। माकपा नेता ने कहा है कि दलितों के हत्यारों के गोली चलाते हुए और दलितों का एक किलोमीटर तक पीछा करते हुए वीडियो भी वायरल हुए थे। ऐसे में हत्यारों सहित दोनों पक्षों के मुकदमे वापस लेना कहाँ का इंसाफ है। जसविंदर सिंह ने कहा है कि उस दलित विरोधी हिंसा में भी बाद में प्रशासन ने मुरैना निवासी माकपा के बुजुर्ग नेता जुगल किशोर पिप्पल सहित हजारों दलितों विशेषकर दलित युवकों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल में डाला था। यह झूठे मुकदमे वापस लेने और दलितों को सरंक्षण देने की मांग तो उठती रही है।



## खेल मंत्री राजे ने केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से की मुलाकात

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने नई दिल्ली में केन्द्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात कर मध्यप्रदेश की खेल गतिविधियों से अवगत कराया। ठाकुर ने मध्यप्रदेश खेल विभाग द्वारा निर्मित अधो-संरचना पर आधारित कैलण्डर का अनावरण भी किया।

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने केन्द्रीय मंत्री ठाकुर को बताया कि भोपाल के निकट बरखेड़ा नाथू में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्पोटर्स काम्पलेक्स बनाया जा रहा है। मध्यप्रदेश ने खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में खिलाडियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ, अधो-संरचना और प्रशिक्षक उपलब्ध है। सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश को स्पोटर्स हब के रूप में विकसित करना हमारा लक्ष्य है।

बरखेडा नाथू स्पोटर्स कॉम्पलेक्स देश का ऐसा पहला स्टेडियम होगा जो वर्ल्ड चेम्पियनशिप के मानकों के अनुरूप बनाया जायेगा। हर विधा के लिए बनाए जा रहे स्टेडियम की अपनी अलग अंतर्राष्ट्रीय पहचान होगी। ठाकुर ने मध्यप्रदेश की खेल गतिविधियों और अधो-संरचना विकास के कार्यों की सराहना की।

# कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती को भेजा न्योता

### मप्र में शराबबंदी को लेकर कांग्रेस देगी ज्ञापन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शराबबंदी को लेकर बयानबाजी करने वाली पूर्व सीएम उमा भारती को अनोखा न्योता दिया गया। उन्हें उनकी ही पार्टी के सीएम के खिलाफ लेटर भेजने के दौरान शामिल होने के लिए दिया गया। यह थोड़ा सुनने में अजीब लग सकता है मगर इंदौर में कांग्रेस ने उमा भारती को ये न्योता दिया है। बिहार-गुजरात की तरह मध्यप्रदेश में भी शराबबंदी को लेकर लगातार पूर्व सीएम उमा भारती अपनी सरकार को बार-बार चुनौती दे रही हैं। कहीं वे खुलेआम शराब दुकान पर पत्थर फेंकती तो कहीं विरोध प्रदर्शन करती है। इसके चलते ही मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट एवं एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने पूर्व सीएम की भावना को देखते हुए उन्हें इंदौर जिले में आने का न्योता दिया। एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने लेटर भी लिखा है कि पूर्व सीएम उमा भारती इंदौर आकर जनता के साथ कदम से कदम मिलाकर शिवराज सरकार को आगामी सोमवार को भेजे जाने वाली चिठ्ठियां संभागायुक्त को शराबबंदी के मामले में सौंपे। तभी प्रदेश की जनता इस बात को मान्य करेगी की आप शराबबंदी को लेकर वाकई गंभीर है। आप जब तक इस तरह का आंदोलन, प्रदर्शन नहीं करेगी तब तक यह माना जाएगा कि आपकी बातें और बयान प्रदेश की जनता के हित में नहीं है।

### महिलाओं के साथ संभागायुक्त को दे लेटर

सोमवार को 11 बजे संभागायुक्त ऑफिस पर विधानसभा क्रं. 1 की जनता के साथ ज्ञापन देने की प्लानिंग है। इसके चलते उमा भारती महिलाओं की मौजूदगी में ये लेटर संभागायुक्त को दे। कांग्रेस नेता ने उन भरोसा जताया है कि समाज के बीच फैली इस बुराई को जन आंदोलन के तहत ही खत्म किया जा सकता है। आप एक महिला है इसलिए शराबबंदी के मसले को काफी अच्छे से समझ सकती है। जबकि हमारे प्रदेश के सीएम शराबबंदी की जगह केवल शराब

### राजधानी को साफ रखने पर 3.17 करोड़ के अवॉर्ड

भोपाल। राजधानी को साफ रखने के बदले बाजार, रहवासी संघ और हॉकर्स कॉर्नर को 3 करोड़ 17 लाख रुपए बतौर इनाम मिले हैं। 50 बाजारों के कॉम्पिटिशन में 10 नंबर मार्केट आगे निकला। इन मार्केट में नगर निगम 50 लाख रुपए के काम करवाएगा। वहीं, 410 रहवासी संघों में से 38 का सिलेक्शन एक और दो नंबर के लिए किया गया। पांच हॉकर्स कॉर्नर भी चुने गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कुल 48 अवॉर्ड बांटे।रविंद्र भवन में शुक्रवार को अवॉर्ड सेरेमनी हुई। इसमें 38 रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (रहवासी संघ), 5 बाजार और 5 हॉकर्स कॉनर्स को अवॉर्ड दिए गए। सीएम के अलावा नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, विधायक कृष्णा गौर, भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, पूर्व निगम अध्यक्ष सुरजीतसिंह चौहान मंच पर मौजूद थे। कलेक्टर अविनाश लवानिया, निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी कोलसानी, अपर आयुक्त ऋष्नु बाफना, एमपी सिंह समेत

**चुनाव के मद्देनजर तबादलों की चर्चा**

# एसपी, सीएसपी सहित अन्य पुलिस अफसरों का फेरबदल




**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में तैनात एसपी, सीएसपी सहित कई अन्य पुलिस अफसरों का फेरबदल कर दिया गया हैं, इन अफसरों को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से अन्य जिलों में पदस्थ किया गया है।

मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग से मिले निर्देशानुसार अब शाजापुर एसपी पंकज श्रीवास्तव गुना, उज्जैन एसपी पीटीएस जगदीश डाबर शाजापुर, उप पुलिस अधीक्षक विपुस्था लोकायुक्त संगठन भोपाल ध्यान सिंह चौहान सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल, उप पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल दुर्गविजय सिंह भदौरिया को उप सेनानी 25 वीं वाहिनी विसबल भोपाल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पिछोर जिला शिवपुरी देवेंद्रसिंह कुशवाह को उप सेनानी 2 वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर, नगर पुलिस अधीक्षक लश्कर कोतवाली जिला ग्वालियर आत्मराम शर्मा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अअवि ग्वालियर, नगरपुलिस अधीक्षक गोरखपुर जिला जबलपुर आलोक कुमार शर्मा को उप सेनानी 9 वीं वाहिनी विसबल रीवा, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा जिला बुरहानपुर हेमलता अग्रवाल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स इंदौर, नगर पुलिस अधीक्षक उज्जैन वंदना चौहान को पुलिस अधीक्षक अजाक रेंज सागर, उप पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स इंदौर चंचल नागर उप पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स विभाग इंदौर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अअवि उज्जैन, उप पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू उज्जैन संजीव कुमार पाठक को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल, सहायक पुलिस आयुक्त गांधी नगर इंदौर सौम्या जैन को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीटीसी इंदौर, उप पुलिस अधीक्षक सायबर मुख्यालय भोपाल रश्मि खरया को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बदनावर जिला धार देवेंद्र कुमार यादव को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान बालाघाट, सहायक पुलिस अधीक्षक अमरवाडा जिला छिंदवाड़ा संतोष कुमार हेडरिया को उप सेनानी 6 वीं वाहिनी विसबल जबलपुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आलोट जिला रतलाम प्रियंका डुडवे को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आजक महिला सुरक्षा इंदौर शहर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सेंधवा जिला बड़वानी मनोहर सिंह बारिया को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल में पदस्थ किया गया है।

## छह दिन में दूसरा फर्जीवाड़ा, मुरैना के बाद सतना का युवक गिरफ्तार

**देवास।** सीआइएसएफ आरक्षक भर्ती में छह दिन में दूसरा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मुरैना के बाद अब सतना का युवक पकड़ा गया है। आरोपित युवक ने लिखित परीक्षा अन्य किसी व्यक्ति से क्लीयर करवाई थी और खुद फिजिकल टेस्ट देने पहुंचा था, लेकिन बायोमैट्रिक में फिंगर प्रिंट के मिलान नहीं होने से धोखाधड़ी पकड़ में आ गई। जब फर्जीवाड़ा सामने आया तो आरोपित युवक परीक्षा परिसर से भागा, जिसे जवानों ने 20-25 मिनट में पकड़ लिया। सीआइएसएफ के सहायक कमांडेंट के आवेदन पर बीएनपी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार लिया और पूछताछ की जा रही है। 26 मई को देवास में बैंक नोट प्रेस के परिसर में सीआइएसएफ के लिए फिजिकल टेस्ट था। इसमें धीरजसिंह निवासी शेरगंज तहसील रघुराज जिला सतना से शारीरिक मापदंड की परीक्षा देने पहुंचा था। सुबह करीब 7 बजे जब परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक जांच की जा रही थी, तब धीरजसिंह के फिंगर प्रिंट लिए गए।

# आगामी पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सभी थाना प्रभारी हर वक्त रहें उपलब्धः

## पंचायत चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्यवाही

ग्वालियर। आज पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में ग्वालियर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की लंबित अपराधों व आगामी पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए नवागत अति0 पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन श्री डी. श्रीनिवास वर्मा,भापुसे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा बैठक ली गई। बैठक के प्रारंभ में एडीजी ग्वालियर जोन द्वारा मौजूद समस्त पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से उनका परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात् एडीजी ग्वालियर जोन एवं एसएसपी ग्वालियर द्वारा विगत दिवस उप पुलिस अधीक्षक से अति0 पुलिस अधीक्षक के पद पर पदौन्नत हुए नगर पुलिस अधीक्षक लश्कर श्री आत्माराम शर्मा को रैंक लगाकर पदौन्नति की बधाई दी, तद्उपरांत एडीजी ग्वालियर जोन द्वारा ''डीजी-सीआर'' अवार्ड से सम्मानित किये गये एसएसपी ग्वालियर के निज सहायक विनोद राठौर एवं आईटी सेल ग्वालियर के प्रधान आरक्षक संजय शर्मा को मैडल लगाकर, डीजी-सीआर प्रमाण पत्र प्रदान कर उनको बधाईयां दी।



एडीजी ग्वालियर जोन ने बैठक में उपस्थित ग्वालियर जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिपेक्ष्य में पुलिस की ड्यूटी बिल्कुल भी आसान नहीं है, पुलिस का प्रत्येक दिन चुनौती पूर्ण होता है। ऐसे में आप सभी को स्वंय की सुरक्षा के साथ-साथ पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिये। आप सभी को आगामी पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपने-अपने कार्य क्षेत्र में हर वक्त उपस्थित रहना चाहिए, साथ ही अपनी फरियाद लेकर आने वाले प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता से सुनकर उस पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करना चाहिये। उन्होने यह भी कहा कि देहात की पुलिसिंग शहर की पुलिसिंग से बिल्कुल अलग होती है इस वजह से देहात के थाना प्रभारियों को पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्र और अधिक मेहनत व लगन से कार्य करना चाहिये तभी हम अपने जिले की कानून व्यवस्था को कायम रख पायेंगे। एसएसपी ग्वालियर द्वारा थानावार लंबित महिला संबंधी अपराधों की समीक्षा की गई तथा उन्होने समस्त सीएसपी एवं एसडीओपी को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र के लंबित गंभीर अपराधों की नियमित मॉनीटरिंग करें। उन्होने कहा कि विकासखण्ड मुरार, डबरा, भितरवार, घाटीगांव क्षेत्र के थाना प्रभारीगण आगामी पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव मोड में आ जाये, अधिक से अधिक संख्या में प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों की जाये, जिससे की आगामी पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संम्पन्न कराया जा सके। आपराधिक प्रवृत्ति के लोग चुनावी माहौल का फायदा पुरानी रंजिश निकालने के लिये भी करते है, इसलिये देहात क्षेत्र के प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे असमाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें, साथ ही आदर्श आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए लायसेंसी शस्त्र को समायावधि के भीतर थानों में जमा कराये। एसएसपी ग्वालियर ने उपस्थित थाना प्रभारियों से कहा कि असमाजिक तत्वों तथा चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वालों पर कार्यवाही करने के लिये सभी थाना प्रभारियों को पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल भी दिया जायेगा।

आज आयोजित बैठक में अति0 पुलिस अधीक्षक, शहर (मध्य/यातायात) श्री अभिनव चौकसे,भापुसे अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (दक्षिण) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे, अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर, अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डौतिया, अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज कुबेर, परि0 आईपीएस श्री सियाज के.एम. के अलावा समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं शहर व देहात के समस्त थाना प्रभारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत विकास परिषद ने दो निर्धन कन्याओं को दिया गृहस्थी का सामान

ग्वालियर । भारत विकास परिषद शाखा समपर्ण ने आज सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत दो निर्धन कन्या नेहा शाक्य रॉकसी पुल के पास ओर ज्योती कुशवाहा कंपू के विवाह में गृहस्थी का सामान दीवान, गदे चदर पिलो,कंबल ड्रेसिंग टेबल, कुर्सी टेबल का सैट, कूलर, तूफान पंखा, प्रेस, सिलाई मशीन, डिनर सैट ,साडींया ,पेन्ट शर्ट आदि भेंट किया सुधीर अग्रवाल जी ने कन्या को एक ड्रेसिंग टेबल भैट की कार्य कर्म संयोजक संजय धवन ने बताया इन बेटियो के बारे में माया शाक्य ने बताया ओर हमने आपने सदस्यों के सहयोग से यह पुनीत कार्य कर पाए यह कार्यक्रम प्रान्तीय महासचिव श्री सुधीर अग्रवाल जी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ विशिष्ट अतिथि चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अनूप अग्रवाल थे। इस कार्यक्रम के सहयोगी श्रीमती आरती शर्मा, मधु धवन, राधिका बंसल, बीना अरोरा,निधि खण्डेलवाल, शैफाली कोशिक,पुष्पा प्रजापति, हीर जयरथ, रेखा अग्रवाल मधु धीमान,शशि लक्षणे, नीरू शर्मा, मोनिका शिवहरे, रेखा कथुरीया, प्रीती रावत आशु बंसल है इस अवसर पर अध्यक्ष विम्मी सचदेवा, उपाध्यक्ष मधु धवन, सचिव मधु धीमान, आरती अरोरा राधिका बंसल,माया शाक्य, श्याम बंसल, नरेन्द्र शिवहरे, महेश धीमान,सभी का स्वागत अध्यक्ष विम्मी सचदेवा नेसंचालन सचिव मधु धीमान ने आभार संजय धवन ने किया यह जानकारी मिडिया प्रभारी प्रदीप लक्षणे ने दी।

### शासकीय सेवकों का ईएसएस अपडेशन हर हाल में 30 मई तक कराएँ

**धीमी प्रगति पर आयुक्त कोष एवं लेखा ने जताई नाराजगी**

ग्वालियर। शासकीय सेवकों का ईएसएस (एम्प्लॉई सेल्फ सर्विस) प्रोफाइल अपडेशन का कार्य हर हाल में 30 मई तक पूर्ण करने के निर्देश सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दिए गए हैं। इस काम की धीमी प्रगति पर आयुक्त कोष एवं लेखा ने नाराजगी जताई है। प्रभारी कोषालय अधिकारी श्री हरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के अंतर्गत हर शासकीय सेवक का ईएसएस प्रोफाइल अपडेशन किया जाना है।

### कोषालय में चालान जमा करने की नई प्रक्रिया के संबंध में दिया जायेगा प्रशिक्षण

ग्वालियर। आईएफएमआईएस के अंतर्गत वेब पोर्टल के माध्यम से बैंकों में चालान जमा करने की नई प्रक्रिया एक जून 2022 से प्रभावशील होगी। उक्त अवधि के पश्चात नई प्रक्रिया के माध्यम से ही बैंक में चालान जमा हो सकेंगे। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि नई प्रक्रिया के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही 30 मई को दोपहर 2 बजे चालान जमा करने की प्रक्रिया के संबंध में कोषालय में एक प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में चालान जमा करने की नई प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

### शिक्षकों के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश निरस्त

ग्वालियर। राज्य शासन द्वारा प्रदेश की समस्त शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश निरस्त किये गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनावों के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए 1 मई से 9 जून 2022 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था।

### आदर्श आचरण संहिता और आयोग के निर्देश पालन के आदेश जारी

ग्वालियर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2022 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही त्रि-स्तरीय पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने शासन के सभी विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त, कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन आयोग के निर्देश पालन करने के आदेश जारी किए है। आदर्श आचार संहिता 15 जुलाई 2022 तक प्रभावशील रहेगी।

### पुजारियों, सेवादारों के मानदेय के भुगतान की शर्तो का निर्धारण

**धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने जारी किया आदेश**

ग्वालियर । शासन संधारित जिन मंदिरों के पास कृषि भूमि नहीं है, उन मंदिरों के पुजारियों को 5 हजार रूपये प्रतिमाह दिया जाएगा। जिन मंदिरों के पास पाँच एकड़ तक कृषि भूमि है उन मंदिरों के पुजारियों को हर महीने 2 हजार 500 रूपये दिए जायेंगे। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की उप सचिव पुष्पा कुलेश ने बताया कि मानदेय की दरों में संशोधन करते हुए राज्य शासन द्वारा शासन संधारित मंदिरों के पुजारियों, सेवादारों के मानदेय के भुगतान की शर्तो का निर्धारण किया गया है।

# जीवाजी विश्वविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया



ग्वालियर। विद्यार्थियों द्वारा जीवाजी विश्वविद्यालय कुलपतिका घोर अपमान किया गया, उन्हें जमीन पर बैठने के लिए मजबूर किया गया लगभग 1 घंटे तक कुलपति को जमीन पर बैठा कर उनसे छात्रों के द्वारा बहस की जाती रही द्य एक तरफ संगठन कुलपति को कुल गुरु का दर्जा देने की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ कुलगुरू को जमीन पर बैठा कर अपमान भी करते हैं।

कालेजों के निरीक्षण कराए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्रदर्शन किया गया था। कुछ देर प्रदर्शन करने के बाद छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों के हंगामे की जानकारी मिलने के बाद कुलपति प्रो अविनाश तिवारी खुद छात्रों की समस्या सुनने आए। छात्रों ने कहा कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई, जिन्होंने निरीक्षण में लापरवाही बरती है। कुलपति ने आश्वासन दिया कि जिन अधिकारियों ने लापरवाही बरती है, उन्हें दो दिन में चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। कुलसचिव जिन्होंने डीसीडीसी के अधिकार इसी के माध्यम से अपने हाथ में लिए पूरे घटनाक्रम में चुप रहे द्य

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर सहमंत्री शेखर करण राज के नेतृत्व में मंगलवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थी जीवाजी विश्वविद्यालय पहुंचे। विद्यार्थी जेयू के प्रशासनिक भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे, जिस समय यह प्रदर्शन चल रहा था, उस समय कार्यपरिषद की बैठक चल रही थी। इस स्थिति को देखते हुए गार्डों ने चैनल गेट बंद कर दिए, जिससे विद्यार्थी अंदर नहीं जा सकें। इस प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी ने बाहर आकर चैनगेट के ताले खुलवा कर छात्रों से बातचीत की परंतु छात्रों ने प्रदर्शनकारी छात्रों के द्वारा बातचीत न करते हुए कुलपति कार्यालय के समक्ष हंगामा शुरू कर दिया द्य कुलसचिव डा सुशील मंडेरिया, ईसी मेंबर मौके पर पहुंच गए। छात्रों ने कहा कि संगठन ने कालेजों के निरीक्षण कराए जाने को लेकर 5 अप्रैल को ज्ञापन दिया था। बावजूद इसके निरीक्षण नहीं कराए गए हैं। सिर्फ बीएड कालेजों के निरीक्षण कराए गए हैं, सामान्य पाठ्यक्रम चलाने वाले एक भी कालेज का निरीक्षण नहीं हुआ है। ऐसे कालेजों को मान्यता दी गई है, जो मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। जब निरीक्षण नहीं कराए तो 18 मई को भी प्रदर्शन किया। जेयू निरीक्षणों को लेकर गंभीर नहीं है। जो अधिकारी निरीक्षण नहीं कराने के लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। कुलपति ने छात्रों की मांग सुनने के बाद संबंधित पर कार्रवाई का आश्वासन दिया ।

# जीवाजी यूनिवर्सिटी के पैरामेडिकल और फूड टेक्नोलॉजी अध्ययन शाला के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

जीवाजी यूनिवर्सिटी में पैरामेडिकल अध्ययन शाला के सर्टिफिकेट इन हेल्थ इंस्पेक्टर और फूड टेक्नोलॉजी अध्ययन शाला के एमएससी के स्टूडेंट्स को स्टर्लिंग एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड (नोवा कंपनी) मालनपुर, का औद्योगिक भ्रमण कराया। इस दौरे में 21 छात्र छात्राओं ने भाग लिया द्व इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को डेयरी उत्पादों (गाय का घी फ्लेवर्ड मिल्क, स्किम्ड मिल्क पाउडर , डेयरी क्रीमर, डेयरी व्हाइटनर) की एक विस्तृत श्रृंखला के निर्माण के बारे में एक अंतर्दृष्टि प्रदान करना और पैकेज गुणवत्ता और स्वच्छता की पूरी प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से सीखने का अवसर प्रदान करना था।




इसमें नोवा कंपनी के प्रोडक्शन मैनेजर एस मन्ना जी ने स्टूडेंट्स को मशीन को ऑपरेट करने के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र और भंडारण के बारे में भी बताया द्व कंपनी के डीएम अभिषेक पांडे जी ने छात्रों को स्प्रे ड्रायर, इवेपरेशन, ड्राइंग, सैनिटेशन और हाइजीन जैसे पहलुओं से अवगत कराया। पैरामेडिकल अध्ययन शाला के समन्वयक नवनीत गरुड़ जी ने कहा कि प्रैक्टिकल जानकारी और छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उन्हें इंडस्ट्रियल विजिट पर लाया गया है। फूड टेक्नोलॉजी के समन्वयक डॉ मनोज शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के विजिट से बच्चों में पढ़ाई को लेकर आत्मविश्वास बढ़ता है। औद्योगिक भ्रमण में डॉ मनोज शर्मा, डॉक्टर रिचा महंत और डॉक्टर निधि गोस्वामी शामिल हुए।

### अपने पिता ज्योतिरादित्य की तरह महान आर्यमन ने थामा बैट, यूं लगाए शॉट

ग्वालियर । सिंधिया परिवार के युवराज कहे जाने वाले महान आर्यमन सिंधिया अपने पिता केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नक्शे कदम पर ब? रहे हैं. शुक्रवार रात ÷समर फेस्टिवल÷ में पहुंचे महान आर्यमन सिंधिया ने क्रिकेट की पिच पर पहली बार सार्वजनिक रूप से बल्ला थाम शॉट लगाए. ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष महान आर्यमन ने फिलहाल क्रिकेट पर फोकस करने की बात कही है, लेकिन इशारों-इशारों कर कह दिया कि राजनीति में आगे जो होगा वो करेंगे।



# दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला संपन्न 7

### ग्वालियर। स्वास्थ्य मेले के दौरान 240 लोगों संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर ली ग्वालियर को मलेरिया डेंगू मुक्त बनाने की शपथ



दिनांक। 27 मई 2022 को माननीय ऊर्जा मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुख्य आथित्य एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षाता व अध्यक्ष बीज निगम मध्य प्रदेश शासन श्री मुन्ना लाल गोयल के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारंभ किये गए दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला का समापन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनीष शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। शिवर के दौरान निःशुल्क आयुष्मान कार्ड, स्वस्थ कार्ड बनाए जाने के साथ साथ मलेरिया ड्ड डेंगू, एड्स से बचाव व रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी फेमिली हेल्थ इंडिया की एम्बेड टीम, मलेरिया विभाग की टीम व अन्य स्वास्थ्य कर्चारियों द्वारा प्रदर्शनी, पोस्टर व मच्छर के लार्वा का प्रदर्शन कर दी गयी। दो दिवसीय शिवर में उपस्थित जिला मलेरिया अधिकारी डा. नीलम सक्सेना ने बताया कि शिविर के दौरान 240 लोगों ने संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर ग्वालियर को डेंगू ड्ड मलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प लिया इस दौरान 81 लोगों की मलेरिया ड्ड डेंगू की जाँच की गयी जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव पाई गयी। शिवर के दौरान विगत वर्ष में मच्छर जनित बीमारियों जैसे ड्ड डेंगू - मलेरिया की रोकथाम व बचाव संबंधी जानकारी के प्रति लोगों को जागरूक करने व इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मलेरिया विभाग, एम्बेड टीम व नगर निगम को मिलाकर कुल 23 मैदानी कार्यकर्ताओं व संस्था फेमिली हेल्थ इंडिया को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं अध्यक्ष बीज निगम मध्य प्रदेश शासन श्री मुन्ना लाल गोयल द्वारा प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ **एम.पी.एच.आई.एन. /31130**
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**